संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -257 बुधवार,19 जुलाई 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## सीमा हैदर की गतिविधियों पर गहराता जा रहा संदेह

### एटीएस ने दूसरे दिन भी की पूछताछ;सामने आई ये नई जानकारी

**लखनऊ,18 जुलाई 2023(ए)।** पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर की गतिविधियों पर जांच एजेंसियों का संदेह गहराता जा रहा है। उस पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ का एजेंट होने का शक है। आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की नोएडा यूनिट ने मंगलवार को दूसरे दिन भी सीमा व उसके पति सचिन मीणा को बुलाकर लंबी पूछताछ की।

**नेपाल से बिहार के रास्ते में घुसपैठ**

सूत्रों का कहना है कि सीमा ने नेपाल से सीतामढ़ी (बिहार) के रास्ते भारत में घुसपैठ करने की बात स्वीकार की है। केंद्रीय जांच एजेंसियां भी इसे लेकर छानबीन कर रही हैं। भारत-नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी से भी पाकिस्तानी महिला की घुसपैठ को लेकर रिपोर्ट मांगी गई है। एटीएस ने सीमा हैदर की इंटरनेट मीडिया पर रही गतिविधियों को लेकर पड़ताल तेज की है। विशेषकर यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि भारत से आने से पहले वह किन-किन लोगों के अधिक संपर्क में थी और उसे किससे आर्थिक सहयोग मिल रहा था।



**सचिन के पिता से भी कई बिंदुओं पर की गई पूछताछ**

एटीएस ने सोमवार को भी सीमा व उसके पति सचिन से लंबी पूछताछ की थी। बाद में दोनों को छोड़ दिया गया था। मंगवार को उन्हें बुलाकर फिर नए सिरे से सवाल-जवाब किए गए। इस दौरान आइबी के अधिकारी भी मौजूद रहे। सचिन के पिता से भी कई बिंदुओं पर पूछताछ की गई। सचिन के संपर्कों को भी खंगाला जा रहा है।

**सीमा ने पिता और भाई के पाक सेना में होने की बात से किया इनकार**

सूत्रों का कहना है कि सीमा ने उसके पिता व भाई के पाकिस्तानी सेना में होने की बात से इनकार किया है। कहा कि उसका भाई पाकिस्तान सेना में भर्ती होने की तैयारी कर रहा है। जांच एजेंसियां इस तथ्य की भी पड़ताल कर रही हैं। पाकिस्तानी नागरिक सीमा हैदर की इंटरनेट मीडिया के जरिए नोएडा निवासी सचिन से दोस्ती हुई थी। पबजी गेम के दौरान दोनों के बीच दोस्ती हुई थी और उसके बाद उनके बीच नजदीकियां बढ़ती गईं। सीमा पाकिस्तान से दुबई गई थी। जहां से नेपाल आकर उसने सचिन से शादी कर ली थीं।

सीमा का पति गुलाम हैदर दुबई में नौकरी करता है और उसके चार बच्चे हैं। नेपाल से पाकिस्तानी महिला के अपने बच्चों के साथ नोएडा तक पहुंचने की सिलसिलेवार जांच की जा रही है। हालांकि, इसे लेकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कुछ बोलने से बच रहे हैं।

## जाति व्यवस्था पुरखों की गलती की देन

**मधुबनी ,18 जुलाई 2023(ए)।** बिहार के शिक्षा मंत्री डॉ. चंद्रशेखर ने एक बार फिर हिंदू धार्मिक ग्रंथों को लेकर समाजवादी नेता राम मनोहर लोहिया के बयानों को उद्धृत करते हुए विवादास्पद बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ग्रंथों में कई चीजें सीखने और अनुकरण करने की है। लेकिन, कुछ कचरा भी है।



उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 56 प्रकार का भोग लगाकर कोई गाली दे दे तो। राम मनोहर लोहिया भी कहा करते थे कि धार्मिक ग्रंथों में कई चीजें सीखने और अनुकरण करने की है। लेकिन, कुछ कचरा भी है। उन्होंने कहा कि जो कचरा है, वह इतना खतरनाक है कि हमारे समाज को समझ लें कि इसमें घोर अपमानजक बातें है तो इसे हटाना पड़ेगा।

## चीन-पाकिस्तान पर निगरानी के लिए 97 ड्रोन खरीदेगी सरकार


» **30 घंटे तक उड़ान भरने में सक्षम**

**नई दिल्ली ,18 जुलाई 2023 (ए)।** चीन और पाकिस्तान की साजिशों का भारतीय सेना लगातार मुहतोड़ जवाब दे रहा है इसके बावजूद पड़ोसी देशों की नापाक हरकतें थमने का नाम नहीं ले रहा है। अंतराष्ट्रीय सीमा पर स्थित पंजाब और जम्मू-कश्मीर में डोन के सहारे बड़ी तादाद में मादक पदार्थ और हथियार गिराए जा रहे हैं। भारतीय सेना अब पड़ोसी देशों पर और कड़ी निगरानी रखेगा। भारतीय सेना अंतरराष्ट्रीय सीमा पर निगरानी के लिए 97 'मेड-इन-इंडिया' ड्रोन हासिल करने के लिए तैयार है। अमेरिका से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के बाद भारत अब 'मेक-इन-इंडिया' प्रोजैक्ट में 97 अत्यधिक सक्षम ड्रोन हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।



सरकारी सूत्रों ने बताया कि रक्षा बलों द्वारा संयुक्त रूप से एक वैज्ञानिक अध्ययन किया गया और यह निर्णय लिया गया कि मध्यम ऊंचाई की लंबी सहनशील आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारतीय बलों को जमीन और समुद्र दोनों पर नजर रखने के लिए 97 ऐसे ड्रोन की आवश्यकता होगी। सरकारी सूत्रों के अनुसार इन ड्रोनों की कीमत 10,000 करोड़ रुपए से अधिक होगी। मानव रहित हवाई वाहन लगभग 30 घंटे तक उड़ान भरने में सक्षम होंगे। सेनाओं द्वारा हासिल किए जाने वाले ये नए ड्रोन पिछले कुछ वर्षों में तीनों सेनाओं द्वारा अपने-अपने बेड़े में हासिल किए गए 46 से अधिक हेरोन यूएव्ही के मौजूदा बेड़े के अतिरिक्त होंगे। जो ड्रोन पहले से ही सेवा में हैं, उन्हें हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा मूल उपकरण निर्माताओं के साथ सांझेदारी में 'मेक-इन-इंडिया' में अपग्रेड किया जा रहा है जहां उनमें 60 प्रतिशत से अधिक भारतीय सामग्री लगाई जा रही है।

## नहीं रहे कांग्रेस के दिग्गज नेता और केरल के दो बार के सीएम ओमन चांडी



**तिरुवनंतपुरम ,18 जुलाई 2023 (ए)।** केरल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओमन चांडी का लंबी बीमारी के कारण मंगलवार को तड़के 4.25 बजे बेंगलुरु के चिन्मय अस्पताल में निधन हो गया। वे 80 साल के थे। चांडी के पुत्र चांडी ओम्मेन ने एक फेसबुक पोस्ट में अपने पिता के निधन की पुष्टि करते हुए कहा, अप्पा का निधन हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री पिछले कई महीनों से बेंगलुरु में इलाज करा रहे थे।

## भारत में प्रतिबंध ई-सिगरेट बेचने वाली 15 वेबसाइटों को केंद्र सरकार ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली ,18 जुलाई 2023 (ए)।** भारत में ई-सिगरेट पर पूरी तरह से बैन किया गया है। सरकार ने इसके निर्माण, वितरण, बिक्री पर प्रतिबंध लगाया है। इसके बावजूद कई वेबसाइट ने इस कारोबार को बंद नहीं किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भारत में बैन की गई ई-सिगरेट बेचने वाली 15 वेबसाइटों को नोटिस भेजकर उत्पादों का विज्ञापन और बिक्री बंद करने का निर्देश दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 6 वेबसाइटें भी रडार पर हैं। मंत्रालय सोशल मीडिया पर ई-सिगरेट के विज्ञापन और बिक्री पर भी बारीकी से नजर रख रहा है और जल्द ही उन्हें नोटिस जारी कर सकता है। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि जिन 15 वेबसाइटों को हटाने का नोटिसजारी किया गया है, उनमें से चार ने काम करना बंद कर दिया है, जबकि बाकी ने अभी तक जवाब नहीं दिया है। सूत्र ने कहा कि अगर वे जवाब नहीं देते हैं और कानून का पालन नहीं करते हैं, तो स्वास्थ्य मंत्रालय इन वेबसाइटों को हटाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को लिखेगा। इन वेबसाइटों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।



इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम 2019 में लागू हुआ था। वेबसाइटों को जारी किए गए नोटिस में स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि हमने पहचान की है कि अवैध ई-सिगरेट के ऑनलाइन विज्ञापन और बिक्री से संबंधित जानकारी, जो इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम की धारा 4 के तहत गैरकानूनी है, उसे होस्ट, प्रदर्शित, प्रकाशित, प्रसारित किया जा रहा है। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि निर्देश का अनुपालन नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी. नोटिस में कहा गया है कि इसके अलावा, आवश्यक कार्रवाई नहीं करने के आरोप में आईटी अधिनियम और/या इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम के तहत जुर्माना लगाया जा सकता है।

## मोदी सरनेम मामले में राहुल गांधी की याचिका पर 21 जुलाई को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली ,18 जुलाई 2023 (ए)।** उच्चतम न्यायालय मोदी सरनेम मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया है। शीर्ष अदालत ने आज कहा कि वह आगामी 21 जुलाई को इस केस में सुनवाई करेगी। गुजरात उच्च न्यायालय ने 'मोदी उपनाम' वाली टिप्पणी को लेकर आपराधिक मानहानि मामले में राहुल गांधी की दोषसिद्धि के फैसले पर रोक लगाने के अनुरोध वाली उनकी याचिका सात जुलाई को खारिज कर दी थी। सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के सामने रखी उनकी याचिका रखी।



सीजेआई ने मामला शुक्रवार को सुनवाई के लिए लगाने का निर्देश दिया। राहुल गांधी ने याचिका में गुजरात हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी है, जिसमें मोदी सरनेम मानहानि के मामले में राहुल की दोषसिद्धि पर रोक लगाने से मना कर दिया गया था। इसके चलते राहुल की लोकसभा की सदस्यता चली गई थी। अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट से राहुल गांधी की सुनवाई के लिए 21 जुलाई या 24 जुलाई की तारीख तय करने का अनुरोध किया था। इसके बाद सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गई। कोर्ट ने कहा कि वह 21 जुलाई को मामले पर सुनवाई करेगा।

## 15 फीट गहरे बोरवेल में गिरी ढाई साल की बच्ची

» **सुरक्षित निकालने के लिए बचाव कार्य जारी**

**विदिशा ,18 जुलाई 2023 (ए)।** मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में खुले पड़े बोरवेल के गड्ढे में एक ढाई साल की बच्ची गिर गई। बच्ची को सुरक्षित निकालने के लिए राहत और बचाव कार्य अभियान शुरू हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार, जिले के पथरिया थाना क्षेत्र के कजरी बरखेड़ा गांव में मंगलवार को ढाई साल की अस्मिता खेलते हुए आंगन में खुले पड़े बोरवेल के गड्ढे में जा गिरी और वह लगभग 15 फीट इस गड्ढे में है।

इस घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया है और जेसीबी मशीन की





मदद से खुदाई कार्य किया जा रहा है, वहीं रस्सी के सहारे बच्ची को भी बाहर निकालने के प्रयास जारी हैं। जिस गड्ढे में अस्मिता गिरी है उसके पास उसका पिता बैठा हुआ है और वह लगातार बेटी को किसी तरह की परेशानी न आए और गर्मी न लगे, इसके लिए कपड़े के गमछे से हवा बेटी तक पहुंचाने की कोशिश में लगा है।

इस घटना की तस्वीर साझा करते हुए कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव ने कहा है कि आखिर कब रुकेंगी ऐसी घटनाएं। बच्चों की सलामती के लिए उन्होंने प्रार्थना की है। साथ ही कहा है कि विदिशा जिले की सिरोंज तहसील के ग्राम कजरी बरखेड़ा में अस्मिता बोरवेल के गड्ढे में गिर गई है। हम सब मिलकर उसकी सलामती के लिए प्रार्थना करें, स्थानीय प्रशासन से अनुरोध है कि बच्ची को सकुशल निकाले जाने के लिए हर संभव प्रयास करें। सवाल उठ रहा है कि आखिर कब रुकेगी इस तरह की घटनाएं?

## चार महीने से लापता है दो बच्चों की मां

**जिले के जैतहरी थाना अंतर्गत दो बच्चों की मां को वापस लाने के लिए पति ने कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है...पति ने बताया की पत्नी उसके दो बच्चों को छोड़कर कहीं चली गई है...4 माह का समय बीत गया, लेकिन वह वापस नहीं आई हैं...पति ने 4 महीने पहले जैतहरी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी लेकिन उसके बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की...जिसके बाद अब पति ने कलेक्टर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से पत्नी को वापस लाने की गुहार लगाई...**

» **पत्नी को ढूंढने की पति ने लगाई गुहार**

» **4 महीने पहले थाने में दर्ज कराई थी गुमशुदगी की रिपोर्ट,**

» **नहीं हुई कोई कार्यवाही**

**-अरविंद द्विवेदी-**
**अनूपपुर,18 जुलाई 2023(घटती-घटना)।** पति पुष्पराज राठौर निवासी चोरभट्टी ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी लोकवती राठौर जिसकी उम्र 27 वर्ष हैं। उसके दो छोटे- छोटे बच्चे हैं। जिन्हें छोड़कर किसी अन्य व्यक्ति के साथ 4 मई को किसी को बिना बताए चली गई। पति ने अपने रिश्तेदारो से भी पता किया लेकिन उसकी पत्नी का कोई पता नही चल पाया। जिसके बाद पति ने थाना जैतहरी में गुम इंसान दर्ज कराया। साइबर सेल ने पत्नी के मोबाईल लोकेशन के आधार पर खोज बीन की, जिसके बाद पता चला की पत्नी का लोकेशन महाराष्ट्र के नागपुर में हैं।

**पुलिस बल नहीं देने के कारण वापस नहीं आ सकी पत्नी**

पति पुष्पराज राठौर ने बताया कि उसके छोटे-छोटे बच्चे हैं,





जिनका अपनी मां के बिना रो-रो बुरा हाल हो गया हैं। पति ने बताया कि मैं बहुत गरीब हूं लेकिन फिर भी गाड़ी बुक कर अपनी पत्नी को लेने जा सकता हूं। उसके बाद भी जैतहरी थाना प्रभारी द्वारा पुलिस बल नहीं देने के कारण वह नहीं जा रहा है। उसने बताया कि पुलिस बल की उपलब्धता नहीं होने के की वजह से उसकी पत्नी वापस नहीं आ सकी। उसने कहा कि अगर मैं अकेले जाऊंगा तो मेरी जान को भी खतरा है। ऐसी स्थिति में पुलिस बल के साथ ही जाऊंगा।

### थाने में दर्ज है मामला, होगी जांच

4 मई को उसके दो छोटे-छोटे बच्चों को मां टॉफी देकर अस्पताल जाने की बात कही थी और कहा था कि मैं अस्पताल से इलाज करा कर वापस आ जाऊंगी। जब मैं रात को वापस आया तो घर का दरवाजा खुला था, छोटे-छोटे बच्चों ने बताया कि मां अस्पताल गई है। पता करने के बाद उसका कहीं पता नहीं चला, जिसके बाद मैंने थाने में शिकायत दर्ज कराई। वहीं इस पूरे मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन ने कहा की जैतहरी थाने में गुम इंसान दर्ज हैं, मामले की एक बार फिर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

**अभिषेक राजन**
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुपपुर

## आतंक के खिलाफ सुरक्षाबलों का बड़ा प्रहार,पुंछ में 4 दहशतगर्द ढेर

**जम्मू ,18 जुलाई 2023 (ए)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सुरक्षा बलों को मंगलवार की सुबह ही बड़ी कामयाबी मिली है। सोमवार देर रात से चल रही मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 4 आतंकवादियों को मार गिराया है। बताया जा रहा है कि आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच ये मुठभेड़ पुंछ के सिंधरा इलाके में हुई।बता दे कि सुरक्षाबलों को सोमवार शाम को सिंधरा इलाके में कुछ आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद राष्ट्रीय राइफल्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षाबलों ने यहां सर्च ऑपरेशन चलाया गया। रात 11.30 बजे के करीब आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच फायरिंग भी हुई। इसके बाद पूरी रात आतंकियों को घेरकर निगरानी की गई।मंगलवार सुबह आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच फिर फायरिंग शुरू हुई। इस दौरान सुरक्षाबलों ने चार आतंकियों को ढेर कर दिया।



## यौन उत्पीड़न मामले में बृजभूषण को राहत

» **कोर्ट ने दी अंतरिम जमानत,अगली सुनवाई 20 जुलाई को**

**नई दिल्ली ,18 जुलाई 2023 (ए)।** बृजभूषण शरण सिंह को महिला पहलवानों से यौन उत्पीड़न के मामले में अंतरिम जमानत मिल गई है। दिल्ली की राउस एवेन्यू कोर्ट ने यौन उत्पीड़न केस में आरोपी बृजभूषण सिंह को अंतरिम जमानत दे दी है। बृजभूषण पर महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप है। हाल ही में दिल्ली पुलिस ने इस केस में अपनी चार्जशीट दायर की थी।कोर्ट ने इस केस की अगली सुनवाई के लिए 20 जुलाई की तारीख तय की है, तब तक के लिए वह बेल पर रहेंगे। बृजभूषण शरण सिंह का पक्ष रखते हुए वकील ने कहा कि जब चार्जशीट दाखिल करने तक उनको गिरफ्तार नहीं किया गया है तो इसका मतलब कि उनके खिलाफ ऐसे कोई सबूत या दावे नहीं हैं। ऐसे में उन्हें अंतरिम बेल मिल जानी चाहिए। अब 20 जुलाई को कोर्ट नियमित बेल पर सुनवाई करेगा। उसका फैसला आने तक वह अंतरिम जमानत पर रहेंगे। बृजभूषण शरण सिंह के साथ ही उनके करीबी और कुश्ती महासंघ के अधिकारी रहे विनोद तोमर को भी अंतरिम जमानत मिल गई है। उन पर भी कुल 6 मामलों से 2 में आरोप लगे हैं। उन्हें बृजभूषण शरण सिंह के साथ सह-आरोपी बनाया गया है। दो मामलों में पहलवानों ने आरोप लगाया है कि वह बृजभूषण शरण सिंह से ऐसे वक्त में ही मुलाकात कराते थे, जब वह अकेले हों।



CMYK

## संपादकीय

### दोनों गठबंधन क्या संयोजक चुनेंगे?

भाजपा गठबंधन और विपक्षी पार्टियों के गठबंधन की 18 जुलाई को क्रमशः दिल्ली और बेंगलुरू में हो रही बैठक में सबसे ज्यादा इस बात पर नजर रहेगी कि क्या दोनों गठबंधन अपने संयोजक का चुनाव करेंगे? ध्यान रहे भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में संयोजक का पद रहा है। अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री रहते जनता दल यू और टीडीपी के नेता संयोजक रहे हैं। लेकिन पिछले नौ साल से एक तरह से एनडीए का अस्तित्व औपचारिकता के लिए था। भाजपा दो बार से पूर्ण बहुमत की सरकार बना रही थी। लेकिन अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने फिर से एनडीए को पुनर्जीवित करने का प्रयास शुरू किया है। तभी इस बात पर नजर रहेगी कि क्या किसी सहयोगी पार्टी के नेता को एनडीए का संयोजक बनाया जाएगा?

दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन की बैठक में यह तय नही है कि गठबंधन का नाम यूपीए रहेगा या कुछ और होगा। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए को छोड़ चुकी कई पार्टियां विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल होंगी। कई पार्टियां ऐसी भी हैं, जो कभी यूपीए का हिस्सा नहीं रही हैं, जैसे कम्युनिस्ट पार्टियां। सो, वहां सबसे पहले यह तय होना है कि गठबंधन का नाम क्या होगा? यूपीए या पीडीए? पीडीए का अनौपचारिक सुझाव कुछ पार्टियों ने दिया है। इसका मतलब है प्रोगेसिव डेमोक्रेटिक एलायंस यानी प्रगतिशील लोकतांत्रिक मोर्चा। वैसे अखिलेश यादव के हिसाब से इसका मतलब पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक है। जो हो विपक्षी नेता पहले गठबंधन तय करेंगे और उसके बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि सभी पार्टियां मिल कर कोई संयोजक या समन्वयक तय कर पाती हैं या नहीं। पटना की बैठक में ऐसा लग रहा था कि जदयू के नेता नीतीश कुमार संयोजक चुने जाएंगे लेकिन वह फैसला नहीं हो पाया था।

# क्या राजस्थान में बदलेगा सत्ता बदलने का रिवाज

राजस्थान विधानसभा के चुनाव इसी साल के अंत में होने हैं। चुनावों में अब कुछ महीनों का ही समय रह गया है। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने अपनी-अपनी पार्टी की चुनावी तैयारियां प्रारंभ कर दी है। प्रदेश में सत्तारूढ़ होने के कारण कांग्रेस पार्टी को सत्ता विरोधी माहौल का भी सामना करना पे रहा है। राजस्थान में पिछले तीस वर्षो से परंपरा चली आ रही है कि एक बार कांग्रेस और दूसरी बार भाजपा की सरकार बनती है। ऐसे में मुख्य विपक्षी दल भाजपा को आशा है कि राज बदलने की परंपरा को कायम रखते हुए प्रदेश में उनकी सरकार बने। मगर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस रिवाज को बदलने का पूरा प्रयास कर रहे हैं।

गहलोत चाहते हैं कि प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाकर हर बार सरकार बदलने के रिवाज को समाप्त किया जाए। इसके लिए गहलोत लगातार लोगों से संपर्क साध रहे हैं। अशोक गहलोत के दोनों पैरों के अंगूठे में चोट लगने के कारण वह पिछले कई दिनों से अपने आवास से ही वर्चुअल माध्यम से लोगों से संपर्क कर विभिन्न विकास कार्यो का शिलान्यास व लोकार्पण कर रहे हैं।

2018 के विधानसभा चुनाव में सचिन पायलट कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष थे तथा रामेश्वर डूडी नेता प्रतिपक्ष थे। उस समय कांग्रेस के पास मात्र 21 विधानसभा सीटें ही थी। तब वसुंधरा राजे भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री थी। भाजपा के पास 163 विधानसभा सीटें थी। लेकिन राज बदलने का रिवाज व वसुंधरा राजे के खिलाफ आम जनता में पनपी सत्ता विरोधी लहर के चलते कांग्रेस 100 सीटें जीतने में कामयाब रही थी। जबकि भाजपा मात्र 73 सीटों पर ही सिमट गई थी।

तब कांग्रेस आलाकमान ने अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री व सचिन पायलट को उपमुख्यमंत्री बनवाया था। मुख्यमंत्री बनने के बाद अशोक गहलोत ने बसपा के सभी 6 विधायकों का कांग्रेस में विलय करवा कर विधानसभा में कांग्रेस की स्थिति मजबूत बना दी थी। वर्तमान में गहलोत सरकार को माकपा के दो, भारतीय ट्राइबल पार्टी के दो, राष्ट्रीय लोक दल का एक व 13 निर्दलीय विधायकों का समर्थन प्राप्त है। वहीं भाजपा विधायको की संख्या 73 से घटकर 70 पर आ गई है।

हालांकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी 2020 में अपने ही उपमुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट की बगावत का सामना करना पे ा था। सरकार बचाने के लिए गहलोत ने महीनों तक विधायकों को बो ेबंदी में रखा था। कांग्रेस आलाकमान के हस्तक्षेप के बाद सचिन पायलट ने अपना विद्रोह समाप्त कर कांग्रेस की मुख्यधारा में शामिल हो गए थे। हाल ही में कांग्रेस आलाकमान ने दिल्ली में एक बे ी बैठक कर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट को आगामी विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर ले ने का मंत्र दिया है। आलाकमान से हुई बैठक के बाद दोनों ही नेता एकजुटता से चुनाव ले ने की बात कह रहे हैं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पिछले एक साल से प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए सक्रिय होकर काम कर रहे हैं। उन्होंने अपने पिछले बजट में प्रदेश के लोगों के लिए अनेकों कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की थी। जिनका क्रियान्वयन भी प्रारंभ हो गया है। पिछले तीन महीने तक राज्य सरकार ने गांव-गांव में महंगाई राहत कैंप लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान करवाया है। उन कैंपों के माध्यम से सरकार ने अपनी जन कल्याणकारी योजनाओं से भी आम आदमी को अवगत करवाया है। महंगाई राहत कैंपों के आयोजन से सरकार की छवि में काफी सुधार हुआ है। राज्य सरकार ने 60 साल से अधिक उम्र के वृद्धजन, विधवा महिलाओं, विकलांगों को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि को भी बे ाकर न्यूनतम एक हजार प्रतिमाह कर दिया है। इसके साथ ही अनाथ बालिकाओं को पे ाई के लिये प्रतिमाह मिलने वाली राशि भी बे ाकर दोगुनी से अधिक कर दी गई है।

राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर में करीबन 76 लाख उज्जवला गैस कनेक्शन धारकों को 500 रूपैये में गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाया जा रहा है। जो देश में अन्यत्र कहीं नहीं मिल रहा है। प्रदेश में घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को 100 यूनिट बिजली प्रतिमाह तथा कृषि उपभोक्ताओं को दो हजार यूनिट बिजली प्रतिमाह निशुल्क उपलब्ध करवायी जा रही है। राजस्थान की सीमा में यात्रा करने वाली महिलाओं को सभी श्रेणी की रोडवेज बसों में 50 प्रतिशत किराए में छूट दी जा रही है। स्कूलों व कॉलेजों में पे ने वाली छात्राओं, विधवा व एकल रहने वाली महिलाओं को शीघ्र ही सरकार की तरफ से मोबाइल हैंडसेट प्रदान किए जाएंगे। जिनमें तीन साल तक इंटरनेट का डाटा भी फ्री मिलेगा।

इसके अलावा सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना के दायरे में फिर से शामिल किए जाने से आम लोगों के साथ ही कर्मचारी वर्ग में भी गहलोत सरकार के प्रति सकारात्मक माहौल नजर आ रहा है। 2004 से देशभर में पुरानी पेंशन योजना को बंद कर दिया गया था। उसके बाद से ही कर्मचारी वर्ग पुरानी पेंशन बहाली की मांग करते आ रहे थे। मगर किसी भी सरकार ने कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया था। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत देश भर में पहले नेता है जिन्होंने राजस्थान सरकार के कर्मचारियों को फिर से पुरानी पेंशन देने की शुरुआत की है।

संगठन की दृष्टि से भी राजस्थान में कांग्रेस कमेटी का नए सिरे से गठन कर दिया गया है। सभी जिला, नगर, ब्लाक व मंडल अध्यक्षों की नियुक्तियां हो चुकी है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी व सह प्रभारी लगातार जिलों का दौरा कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित कर रहे हैं। हाल ही में जयपुर में कांग्रेस के सभी जिला अध्यक्षों, ब्लॉक अध्यक्षों व प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की बैठक हो चुकी है। जिसमें सभी पदाधिकारियों को पूरी सक्रियता से क्षेत्र में काम करने के लिए कहा गया है।

हालांकि पिछले वर्ष सितंबर में कांग्रेस आलाकमान द्वारा कांग्रेस विधायक दल की बैठक का आयोजन करवाने के लिए भेजे गए पर्यवेक्षकों प्रदेश प्रभारी महासचिव अजय माकन व मल्लिकार्जुन खरगे की उपस्थिति में विधायक दल की मीटिंग का बहिष्कार करवाने वाले कैबिनेट मंत्री शांति धारीवाल, महेश जोशी व पर्यटन निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौ पर पार्टी आलाकमान ने कोई कार्यवाही नहीं की है। उल्टे शांति धारीवाल के पुत्र अमित धारीवाल को संगठन में प्रदेश महासचिव बना दिया गया है। इससे पार्टी कार्यकर्ताओं में गलत संदेश जा रहा है। पार्टी से जु े लोगों का मानना है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के दबाव में पार्टी आलाकमान पार्टी से बगावत करने वाले लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने से कतरा रहा है।

कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनाव की जो तैयारियां की है उसको देखकर लगता है कि चुनाव की पूरी कमान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के हाथ में होगी तथा वही पार्टी का चेहरा भी होंगे। पार्टी आलाकमान के समझाने पर सचिन पायलट मुख्यमंत्री गहलोत के साथ काम करने को तो तैयार हो गए हैं। मगर गहलोत पायलट को अपने साथ कितना जो े रख पाते हैं इसका पता तो आने वाले समय में ही लगेगा। फिलहाल तो कांग्रेस अपनी योजनाओं के बल पर जीत के सुनहरे सपने देख रही है। वही पार्टी से जुड़े जमीनी स्तर के कार्यकर्ता आज भी नेताओं की बेरुखी के चलते नाराज नजर आ रहे हैं।

राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी बनाये गए सुखजिंदर सिंह रंधावा चुनाव जीतने के तो बे े-बे े दावे कर रहे हैं। मगर पिछले पंजाब विधानसभा चुनाव में उनके उपमुख्यमंत्री रहते कांग्रेस पार्टी की जो दुर्गति हुई थी उसकी चर्चा वह कभी नहीं करते हैं। अपने बे बोले बयानों से रंधावा चुनाव तक पार्टी नेताओं को कितना एकजुट रख पाते हैं। इसका पता तो चुनावी नतीजों के बाद ही चल पाएगा।



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू, राजस्थान

## रंग-बिरंगे फूल

ये फूल मन को खुश कर देता है,
जब यह सामने होता है।
फूल जब खिलता है तो,
सबके मन को भा लेता है।।
जब फूल खुश होता है तो,
खुशबू फैल जाता है।
जब फूल नाखुश होता है तो,
वह सूख जाता है।।
ये फूल अनेकों रंग के हैं,
किस-किस में कहूँ अनेकों रंग है?
सुख हो, दुःख हो,
चाहे पुरस्कार हो,
ये सब में काम आता है।।
फूल को कोई ना नहीं कहता।
फूल सबके मन को भा लेता है।।



कु. भावना नवरंग,
लोरमी, मुंगेली, छत्तीसगढ़

## किसी की मुस्कुराहट

किसी की मुस्कुराहटों का
जादू चल सा गया,
लगता है आज दिवाकर,
फिर ढल सा गया /
खिला चेहरा और लबों पे
मुस्कान देख उनकी,
मानो जैसे पुष्पसुंदरी कुमुदनी
भी जल सा गया
कड़कती धुप,चमकते
सूरज का आलम देखो,
वृक्ष की डालियों से ठंडी
पुरवइया चल सा गया
काली जुल्फों का साया मानो
तिमिर का बसेरा,
चाँद सा मुख देख उनका,
तिमिर मचल सा गया
एक इशारों में ये दिल घायल
हो जाता था कभी,
अंदाज देख उनका,बेकसूर
दिल सम्हल सा गया
बडे दिनों बाद मिले पर,
उसने पहचाना नहीं मुझे,
पता नहीं आज क्यों?उसकी
नजरें बदल सा गया
साया बनकर हमेशा साथ
उसके चलता गया मैं,
राह में थे हम,और वो मुँह
फेर निकल सा गया
खिलौना समझकर
खेल रही थी,दिल से हमारे,
और ये दिल उसकी मुस्कुराहटों
से बहल सा गया



नितेश कुमार दिवाकर
बैकुंठपुर छत्तीसगढ़

## हे शिव शम्भू

हे चंद्रमौली ,हे गंगाधर किस कठिन
तपस्या में बैठे हैं आप?
ध्यान लगा कर शांत मुद्रा में किस
गुप्त गुफा में बैठे हैं आप ??
सर्वव्यापी हो जगत सृष्टा हो सृष्टि के
आप हीं आधार।
कण कण में व्याप्त तेज का आप से
हीं तो है केवल संचार।।
सर्प गले में माला शोभित रूप
अनोखा बतलाता।
भस्म और चंदन सृंगार का रूप
अनोखा दिखलाता।।
नंदी हो सवारी जिनके बस त्रिशूल
हो जिनके अस्त्र।
बड़े बड़े और आताताई का संघारक
केवल पिनाक अस्त्र।।
गौरी सती उमा पार्वती हिमाचल सुता
जिनके हो अर्धांगनी रूप।
अर्धनारीश्वर रूप बता कर मान
बढ़ाया नारी रूप ।।
प्रथम पूज्य हो जिनके लाला और
देव सेना के हो सेनापति।
कोटी कोटी नमन है आपको हे
कैलाशी उमा पति।।
जटा से निकले जिनके गंगा जो
धरती को करती पवित्र।
तुम्हे नमन हे औघड़दानी तुम्हे वंदन
हे सती पति।।
जन जन में व्याप्त कुरीति इसको हर
लो हे गौरी पति।
सौहार्द बढ़ा दो जन मानस में हे
सर्वव्यापी हे पार्वती पति।।
हिचकोले खाएं जीवन नैया पतवार
थाम लो हे गणपति पिता।
मंगल मंगल कर दो जीवन कष्ट हरो
हे जगत पिता।।।



कमलेश झा
राजधानी नई दिल्ली

## मोबाइल




### लघु कथा

अगर कोई सुख का सही पता पूछे तो वह था गांव के अंत में बना जीवन का छोटा सा घर। जीवन सुबह उठता, खेतों के बीच से बहने वाली नदी की ओर जाता, वहीं नित्यकर्म से निपट कर नहाता और वहां से आ कर मां के हाथ की बनी चार रोटियां खा कर जानवरों को ले कर खेतों की ओर निकल जाता। जानवर चरने लगते तो वह खेतों में काम पर लग जाता। दोपहर को मां खाना लेकर आती तो खाना खा कर वह वहीं बाग में पेड़ के नीचे चारपाई डाल कर सो जाता। शाम को जानवरों को घर पहुंचा कर वह नदी और पहाड़ों की ओर घूमने निकल जाता। लगभग दो घंटे तक बस प्रकृति और वह। यही सब तो उसके यार-दोस्त थे। रात को आ कर खाना खाता और फिर मंदिर पर बाबा के साथ भजन गाता। अब तक वह इतना थक चुका होता कि चारपाई पड़ते ही सो जाता। जब से वह समझदार हुआ, तब से उसका यही नित्यक्रम, जिसमें कोई बदलाव नहीं होता था। जीवन के जीवन में दुख, चिंता या भय जैसा कुछ नहीं था और उसने कभी यह सब अनुभव भी नहीं किया था। कभी-कभार वह जिस गांव में जाता, वही गांव उसके लिए विश्व था। इसके बाहर भी एक दुनिया है यह उसे पता नहीं था।

गांव में मोबाइल का टावर लग गया। अब वह जब भी गांव में जिधर से निकलता, हर किसी के हाथ में उसे काला डिब्बा दिखाई देता। कोई उसमें कुछ देख रहा होता तो कोई कान में लगा कर घूम रहा होता। मुंबई में नौकरी करने वाला उसके मामा के बेटा गांव आया तो साथ में मोबाइल ले आया। यह थी जीवन की मोबाइल से पहली मुलाकात। पहले तो कुछ पता नहीं चला, पर भाई ने हिंदी में पढ़ा-सुना जा सके इस तरह कर दिया। इसके बाद तो जीवन को यह अनोखी दुनिया अद्भुत लगी। सुबह उठ कर दोनों हाथ जोड़ने वाला जीवन अब मोबाइल की स्क्रीन खोलता। गाय और भैंसे कहीं और चर रही होतीं, जीवन की गर्दन मोबाइल में झुकी होती। न जाने कितनी बार चलते चलते वह पेड़ से टकराया। अब वह प्रकृति के साथ घूमने के बजाय नदी और पहाड़ मोबाइल में देखने लगा। रात को भजन गाने के बजाय मोबाइल में प्ले करने लगा। एक बार लाइट नहीं आई, चार्जिंग खत्म हो गई तो पूरे दिन जीवन का मुंह लटका रहा। जल्दी से बीत जाने वाला दिन बीत ही नहीं रहा था। अब रात को नींद भी नहीं आती थी, क्योंकि मोबाइल चलता रहता था। इधर गाय ने दूध देना कम कर दिया। अचानक जीवन को भान हुआ कि पहले की तरह खिलाते समय वह गायों के सिर पर हाथ फेरने की जगह फोन में मुंह डाल कर बैठ जाता है। आज वह गौ माता की आंख में आंख डाल कर एकटक देखता रहा। फिर मौन गौ माता ने न जाने क्या कहा कि उसने मोबाइल पीछे बह रही नदी में फेक दिया।




वीरेंद्र बहादुर सिंह
नोएडा उत्तरप्रदेश

# अवसर के द्वार खोलकर विजय गाथा का करो स्वागत

**» नए अवसर से नवीन युग का आगाज**

जब जब मनुष्य ने जड़ता को ललकारा है तब तब परिवर्तन ने दस्तक दी है,और प्रत्येक परिवर्तन अपने साथ-साथ बड़े तथा महान अवसर लेकर आया है। इस अवसर का जिसने भी सदुपयोग कर लाभ उठाया है और अपने अनुकूल बनाने का ऊर्जा के साथ प्रयास किया है वह विश्व विजेता बनने में सक्षम हुआ है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने जिस ÷आई हैव ए ड्रीम ÷की कल्पना की थी वह जीवन के नए अवसर की कल्पना थी। महात्मा गांधी जी ने भी जिस स्वराज की कल्पना अपने मन में की थी वह भी उसी नए अवसर की खोज में उसकी तरफ छेड़ा गया एक अभियान था और बराक ओबामा ने भी कहा था ÷यस वी कैन÷ ने भी बड़े परिवर्तन को सच्चाई के अवसर की तलाश थी। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भी मनुष्य से देवत्व की यात्रा का वर्णन किया था वह भी परिवर्तन के मुख्य द्वार से होकर गुजरता था .जीवन की संपूर्ण यात्रा में व्यक्ति को अपने जीवन में संघर्ष करना पड़ता है और तमाम कठिनाइयों को तोड़कर आगे की ओर अग्रसर होना पड़ता है। अवसर के मार्ग को खोलकर बड़ी विजय की महायात्रा प्राप्त हो सकती है। मूलतः परिवर्तन जीवन की एक मूलभूत विशेषता और एक जरूरी सत्य है बल्कि बेहतर कल तथा विकास के प्रत्येक सपने का हल भी होता है। परिवर्तन में अवसर तलाशने की यात्रा का अस्तित्व ही एक विजय गीत का गान है।

परिवर्तन की इस महा प्रक्रिया का साइकल स्वयं इस बात का साक्ष्य है की परिवर्तन खुद ही नवीनता की एक बड़ी खोज है और परिवर्तन का सीधा अर्थ है जड़ता का नाश है। जो हमारी पुरानी परंपराएं जड़ तथा जंगम हो चुकी है या जो स्वयं को नई परिस्थितियों के अनुसार ढाल पाने में सक्षम नहीं है उसका अंत ही परिवर्तन का प्रस्थान बिंदु होता है और इसका अंत एक बड़े शून्य को जन्म देता है और यह नवीन तथा प्राचीनता के बीच की एक समन्वय की कड़ी होती हैं। और इसमें वह सारे और अवसर निहित होते हैं जिनका चयन ही भविष्य की बुनियाद तय करता है और इस शून्य के काल में किया गया प्रयत्न और प्रयास भविष्य के बड़े भाग्य को तय करता है और किसी समय चक्र के बार-बार परिवर्तन को ही जीवन की संज्ञा दी गई है। गीता में कृष्ण ने इस परिवर्तन वह उसमें अंतर्निहित मौके की तलाश करने का संकेत दिया है। मानवीय इतिहास में भी यदि नजर दौड़ाई तो पहला परिवर्तन 1215 में नागरिक अधिकार पत्र यानी मैग्नाकार्टा की प्राप्ति हुई थी। 12वीं और 13वीं सदी का समय सामंती प्रथा व क्रूरता से भरा समय था जहां मनुष्य एक साधन मात्र था। और उसी समय जब सदियों से भरी जनता को ललकारते हुए परिवर्तन का महत्व तथा सपना मनुष्य के दिमाग में पैदा हुआ,परिवर्तन की इस घड़ी ने एक अवसर को जन्म दिया था और उसी अवसर का उपयोग करते हुए मानव को नागरिक अधिकार पत्र प्रदान किया था। अब मनुष्य स्वयं का कर्ताधर्ता था और उसी नागरिक अधिकार पत्र में किए उल्लेख का परिणाम है कि आज हर समाज को सभ्यता का प्रमाण उसी अधिकार पत्र के आधार पर दिया जाता है। बीसवीं सदी ने जड़ता पर चोट की, मशीनों के शोर, हथियारों की होड़ के बीच कैलिफोर्निया क्रांति ने विश्व को सूचना प्रौद्योगिकी का उपहार दिया था। इस बड़े परिवर्तन ने संपूर्ण मानव समाज को एक बड़ा अवसर प्रदान किया पूरी कार्यप्रणाली को सरल बनाने और संपूर्ण सामाजिक व्यवस्था को पारदर्शी बनाने का उपहार भी दिया था। यह तो तय है कि जब जब जनता ने समाज की गति को रोकने का प्रयास किया तब मानवीय उद्यम और साहस ने उसे चुनौती दी और नए नए अवसरों की तलाश कर उसका नवीन परिवर्तन का सकारात्मक उपयोग किया। एक प्रसिद्ध कहावत है परिवर्तन के अलावा कुछ भी स्थाई नहीं है यह प्रकृति का एक स्थाई और व्यवस्था जनक है कि परिवर्तनशील होना जिवंतता और संघर्ष का प्रमाण है। जिस व्यक्ति, समाज तथा देश में स्थायित्व जाता है वह विकास के विरुद्ध होने लगता है। परिवर्तन सदैव धीरे-धीरे होते हैं यह अचानक नहीं होते प्राकृतिक व्यवस्था अनुसार हर परिवर्तन का एक बड़ा उद्देश्य होता है हर परिवर्तन अपने साथ एक बड़ा अवसर लेकर आता है यह अवसर नवीन लक्ष्यों के आपूर्ति का और उद्देश्य की ओर बढ़ती आकांक्षा को नवीन सृष्टि के निर्माण को संभव बनाने का प्रयास होता है। परिवर्तन का चक्र स्वयं इस बात का प्रमाण है कि परिवर्तन स्वयं की नवीनता का एक बड़ा स्रोत है। बढ़ती जनसंख्या के लिए उत्पादन की ना तो मात्रा पूरी हो पा रही थी और नाही उत्पादन उसकी गति में भी विराम लग गया था। व्यक्ति, समाज तथा देश के पास पूंजी होने के बावजूद उसके उपयोग का ना तो सामर्थ्य था नहीं उतनी बौद्धिक क्षमता,उसी क्षण विचारों ने परिवर्तन लाना शुरू किया मानव की बुद्धि ने एक बड़ा परिवर्तन लाकर मशीनों का इजाद किया फल स्वरूप कार्य करने की गति को अवसर मिला इस अवसर के साथ उत्पादन मैं भी वृद्धि हुई। मानव समाज ने इस परिवर्तन तथा नए अवसर की खोज के साथ नई नई वस्तुओं का अंबार लगा और संपूर्ण विश्व में औद्योगिक क्रांति का उदय हुआ। यही औद्योगिक क्रांति विश्व के लिए विकास की नई गाथा है और सफलता के साथ एक नए युग का परिवर्तन भी हुआ है। स्थायित्व के विरुद्ध नए अवसर की तलाश थी मनुष्य के जीवन के नवीन पायदान ओं का आगाज करती है और जीवन परिवर्तनशील होकर नए युग की ओर प्रशस्त होता है। मनुष्य के जीवन में प्रगति विकास और परिवर्तन ही जीवन का असली गुंजन है, और यही विजय यात्रा की ओर मनुष्य, समाज तथा देश को अग्रसर करता है।



संजीव ठाकुर,
चौबे कालोनी रायपुर छत्तीसगढ़,

# दफ्तरों के इर्द-गिर्द खुशियां टटोलते पति-पत्नी

आज एकल परिवार और महिलाओं की नौकरी पर जाने से दांपत्य सुख के साथ-साथ पारिवारिक सुख जो होना चाहिए वह नहीं है। बच्चे किसी और पर आश्रित होने के कारण टीवी मोबाइल में घुसे रहते हैं। कामकाजी पति-पत्नी के मामलों में यह बात सामने आ रही है कि दोनों ऑफिस के बाद घर में मोबाइल पर व्यस्त हो जाते हैं। सोशल साइट्स पर चैटिंग करना भी घर टूटने का एक बड़ा कारण बन रहा है। ऐसे मामलों में एक-दूसरे का हस्तक्षेप भी पसंद नहीं आ रहा है। अपने-अपने मोबाइल में घुसे रहते हैं जबकि उन्हें तब दांपत्य सुख के साथ जीना चाहिए। ऐसे में भौतिक सुख सर्वोपरि हो जाता है। माना कि कुछ शादीशुदा महिलाएं अपवाद हो सकती है, पर शादीशुदा औरतों का नौकरी करना उनके परिवार को पूर्ण सुख दे पाता है या नहीं ये आज हमारे समाज की एक ज्वलंत व्यथा है।


आज की स्थिति ठीक उल्टी है। जब से पुरुष और नारी में बराबरी की बात चल पड़ी है। समान अधिकारों की बात चल पड़ी है। उन्हें शिक्षित करने और फिर शादीशुदा औरतों को भी नौकरी करने की बात चल पड़ी है। तब से बौद्धिक सुख में अपार वृद्धि तो जरूर हुई है किंतु दोनों के बीच का आत्मिक सुख कहीं खो सा गया है।पति-पत्नी दोनों एक-दूजे में खुशी खोजने के बजाय अपने दफ्तरों के इर्द-गिर्द खुशियां टटोलने में लगे रहते हैं। इस तरह जाने-अनजाने खुशियां मिल भी जाती है। किंतु क्या उनका आत्मिक संबंध इतना मजबूत रहता है कि वह परिवार की मर्यादा बनाए रखने के साथ-साथ बच्चों का समुचित और सर्वांगीण विकास कर सके। यहां पर सोचने की बात यह है कि आज अधिकांश बच्चे क्यों बिगड़ रहे हैं? क्यों उनका संतुलित विकास नहीं हो पाता? क्यों वातानुकूलित रूम में बैठे दंपति अपने -अपने टीवी और मोबाइल खोल कर बैठ जाते हैं? और खो जाते हैं रंगीन ख्वाबों की दुनिया में। करीब का दांपत्य सुख क्यों बोरियत लगने लगा है? और क्यों बहुत जल्दी ही तो थकान में बदल जाता है, उनका अपना मधुर दांपत्य संबंध?

क्यों आम जीवन में जी रहे दंपति के अपेक्षा नौकरीपेशा पति-पत्नी अभिमानी और संगीन भावनाओं के शिकार हो जाते हैं? शादीशुदा औरत और नौकरी के संदर्भ में सोचे समझे तो क्या शिक्षित औरतों को नौकरी की तभी जरूरत है जब पुरुष कमा कर उसे खिलाने-पिलाने और परिवार चलाने में असमर्थ साबित हो? ताकि नौकरी कर इससे शिक्षित औरतें घर परिवार को शिक्षित बना सकेगी और सही से अपने बच्चों की देखभाल भी कर सकेगी? या हम ये कहें कि यदि औरतों को इतना शौक है नौकरी करने का तब मर्द को चाहिए कि वह घर संभाले। दोनों के किसी भी एक के अभाव में घर और परिवार एक मकान मात्र रह जाता है या रोटी दाल सब्जी सब कुछ मिल जाता है किंतु संस्कार नहीं मिल पाते।

कामकाजी पति-पत्नी की एक-दूसरे पर निर्भरता खत्म होती जा रही है। दोनों स्वतंत्र होकर फैसले लेते हैं, जिसमें कई बार ईगो भी टकराता है। साथ ही एक-दूसरे के लिए समय नहीं निकाल पाना भी भाग-दौड़ भरी जिंदगी में अलगाव का एक बहुत बड़ा कारण बन रहा है। अगर दोनों खुलकर बातचीत करेंगे तो उनके अंदर की बातें सामने आएंगी। वास्तव में यह तो सच ही कि अगर स्त्री को अपना परिवार बचाना है तो अपने बच्चों के साथ- साथ सबका ध्यान रखना ही होगा। दाई नौकर के भरोसे बच्चों को छोड़ेंगे तो बच्चा ऐसा नहीं होगा जैसा कि मां के साथ रहकर बनता है। आया एक मां का दिल नहीं ला सकती। इसलिए शादीशुदा औरतों को ऐसे समय नौकरी करने नहीं जाना चाहिए ताकि वह प्यार में बच्चों को बढ़ा करें ताकि भटकती युवा पीढ़ी इस समाज को नहीं मिले, उनका पति चिंतित काम पर जाए। शाम को प्यारी पत्नी और बच्चों का मुस्कुराता चेहरा देख वह भी प्रसन्न हो।

दोनों साथ मिलकर बच्चों की देखरेख करेंगे तभी एक सुंदर समाज का निर्माण होगा। सपनों का भारत तैयार होगा। नौकरी करने के बाद शादीशुदा महिलाओं में आई अहम की भावना वर्तमान समाज के लिए घातक है। पति-पत्नी दोनों को समय नहीं है न एक दूजे के लिए और न बच्चों को देखने के लिए। ऐसे में आया के भरोसे अपने बच्चों का पालन करते हैं। आया जो खुद के बच्चों को छोड़कर आती है तब दूसरों के बच्चों से कितना प्यार करेगी? यह सोचने वाली बात है। बच्चों की परवरिश ठीक नहीं होने के कारण आज वृद्धाश्रम की संख्या बढ़ रही है। दादा-दादी, नाना-नानी सेबच्चों को बच्चों को प्यार के साथ संस्कार भी मिलेंगे और वृद्धाश्रम की संख्या घटने लगेगी।

आज एकल परिवार और महिलाओं की नौकरी पर जाने से दांपत्य सुख के साथ-साथ पारिवारिक सुख जो होना चाहिए वह नहीं है। बच्चे किसी और पर आश्रित होने के कारण टीवी मोबाइल में घुसे रहते हैं। कामकाजी पति-पत्नी के मामलों में यह बात सामने आ रही है कि दोनों ऑफिस के बाद घर में मोबाइल पर व्यस्त हो जाते हैं। सोशल साइट्स पर चैटिंग करना भी घर टूटने का एक बड़ा कारण बन रहा है। ऐसे मामलों में एक-दूसरे का हस्तक्षेप भी पसंद नहीं आ रहा है। स्वयं पति-पत्नी घरेलू काम या बच्चों पर कोई चर्चा नहीं कर पाते। अपने-अपने मोबाइल में घुसे रहते हैं जबकि उन्हें तब दांपत्य सुख के साथ जीना चाहिए। ऐसे में भौतिक सुख सर्वोपरि हो जाता है। माना कि कुछ शादीशुदा महिलाएं अपवाद हो सकती है, पर शादीशुदा औरतों का नौकरी करना उनके परिवार को पूर्ण सुख दे पाता है या नहीं ये आज हमारे समाज की एक ज्वलंत व्यथा है। पति-पत्नी को एक-दूसरे को समय देना भी जरूरी है। अन्यथा रिश्ता टूटने की कगार पर पहुंच जाता है। पति-पत्नी के बीच ईगो भी एक बड़ा कारण बन रहा है। साथ ही ससुराल पक्ष कामकाजी बहू से अपेक्षाएं भी पूरी रखते हैं, जिससे घर में झगड़े की स्थिति बन रही है। हालांकि, ऐसे मामलों में काउंसलिंग कर पति-पत्नी के बीच की दूरियों को कम किया जा रहा है। इसलिए काम काजी पति-पत्नी एक-दूसरे से बातचीत जारी रखें और दोनों एक-दूसरे के लिए समय जरूर निकालें।



प्रियंका सौरभ
आर्यनगर, हिसार हरियाणा

# राज्यों के बंटवारे को हवा मिलेगी

अनायास नहीं है जो मणिपुर में तीन मई से शुरू हुई हिंसा के दो महीने पूरे होने के बाद राज्य के बंटवारे की मांग तेज हो गई है। ऐसा लग रहा है कि कुछ लोग इस इंतजार में बैठे थे कि राज्य में हिंसा हो और कुकी व मैती समुदाय के बीच तनाव बढ़े तो राज्य के बंटवारे की मांग उठाएं। अब कुकी आदिवासियों के संगठन केआईएम ने अलग कुकी राज्य बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि कुकी और मैती के बीच अविश्वास इतना बढ़ गया है कि अब दोनों साथ नहीं रह सकते हैं। अगर दोनों साथ रहे तो हिंसा चलती रहेगी। ध्यान रहे जहां भी एक बार इस तरह की बात शुरू हो जाती है तो वह बात समाप्त नहीं होती है। वह चलती जाती है और समुदायों के बीच खाई गहरी होती जाती है।

मणिपुर के नगा भाषी लोगों के क्षेत्र को नगालैंड में मिला कर वृहत्तर नगालिम बनाने की मांग दशकों से चल रही है। अलग कुकी राज्य की मांग के साथ ही वृहत्तर नगालिम की मांग तेज हो जाए तो हैरानी नहीं होगी। उधर त्रिपुरा में पहले ही टिपरा मोथा ने अलग राज्य की मांग रखी है। हैरानी की बात है कि टिपरा मोथा के नेता प्रद्योत बिक्रम माणिक्य देब बर्मन की कई बार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात हुई है। उनकी पार्टी अलग ग्रेटर टिपरालैंड की मांग करती है। पहले भाजपा ने इस मांग को खारिज कर दिया था लेकिन चुनाव के बाद भाजपा ने टिपरा मोथा के साथ तालमेल किया। प्रद्योत देब बर्मन की पार्टी ने भाजपा की सरकार को समर्थन किया। एक दूसरी आदिवासी पार्टी पहले से भाजपा के समर्थन में है। पिछले चुनाव में टिपरा मोथा ने 42 उम्मीदवार उतारे थे और 13 सीटों पर जीत हासिल की। इससे पार्टी नेताओं का हौसला बढ़ा है और वे अलग राज्य की मांग तेज कर रहे हैं।

इसी तरह पश्चिम बंगाल में भी विभाजन की मांग तेज हो गई है। दिलचस्प बात यह है कि भाजपा इस मांग को हवा दे रही है। सोचें, क्या संयोग है कि भाजपा की सरकार में मणिपुर में हिंदू बनाम कुकी आदिवासी का विवाद चल रहा है और अलग आदिवासी राज्य की मांग उठी है। इसी तरह त्रिपुरा में भाजपा की सरकार में अलग आदिवासी राज्य की मांग करने वाली पार्टी भाजपा के साथ है और हिंदुओं से अलग आदिवासी राज्य की मांग जोर पकड़ रही है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में भी उत्तरी बंगाल को अलग राज्य बनाने की मांग जोर पकड़ रही है। भाजपा के एक सांसद ने पहले इसकी मांग की थी, जिसका तृणमूल कांग्रेस ने विरोध किया। अब अलग राज्य के जोरदार समर्थक अनंत राय महाराज को भाजपा ने राज्यसभा भेजा है। ध्यान रहे भाजपा को पश्चिम बंगाल में पहली बार राज्यसभा की सीट मिली तो उसने कूचबिहार के पुराने राजघराने के व्यक्ति अनंत राय महाराज को उम्मीदवार बनाया। उस इलाके में करीब 30 फीसदी राजबंशी समुदाय के लोग हैं, जो अनुसूचित जनजाति के तहत आते हैं। यानी पश्चिम बंगाल के एक हिस्से में भी हिंदू बनाम आदिवासी का विवाद बढ़ रहा है और भाजपा ने आदिवासी समुदाय के अनंत राय महाराज को राज्यसभा भेजने का फैसला किया है।

**हरिशंकर व्यास**

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# सामाजिक कार्यकर्ता व अधिवक्ता डीके सोनी को मिला इंडिया आईकॉनिक वेस्ट सोशल जस्टिस अवार्ड

-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 18 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर के सामाजिक कार्यकर्ता व अधिवक्ता डीके सोनी को दिल्ली में इंडिया आईकॉनिक वेस्ट सोशल जस्टिस 2023 का अवॉर्ड से नवाजा गया है। उक्त अवार्ड 15 जुलाई को राज्यपाल और देश की पहली महीला आईपीएस किरण बेदी के हाथों सम्मानित किए जाने से इनके शुभचिंतकों व परिवार जनों में खुशी की लहर है। सरगुजा अंबिकापुर से आने वाले सामाजिक कार्यकर्ता एवं पेशे से अधिवक्ता डीके सोनी के द्वारा हमेशा से भ्रष्टाचार, न्याय में देरी एवं विभिन्न क्षेत्र में समाज सेवा हेतु अनेक उत्कृष्ट कार्य किए गए हैं। डीके सोनी आम जन के लिए न्याय व्यवस्था को सुदृढ़, सुगम और शीघ्र न्याय प्रदान करने हेतु अपनी संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से हमेशा जमीनी एवं कानूनी स्तर पर लड़ाई लड़ते रहे हैं। डीके सोनी छत्तीसगढ़ राज्य में उपभोक्ता हितों के संरक्षण और पीड़ित उपभोक्ताओं को न्याय दिलाने हेतु उपभोक्ता आयोग में अध्यक्ष, सदस्य और कर्मचारियों की नियुक्ति, आधारभूत संरचनाओं के निर्माण तथा ई फाइलिंग जैसे बुनियादी व्यवस्थाओं के लिए जमीनी स्तर पर विरोध प्रदर्शन सहित आरटीआई के माध्यम से स्थिति स्पष्ट कर माननीय उच्च न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक लड़ाई लड़े जिनमें उनको सफलता भी मिली और सरगुजा उपभोक्ता आयोग में अध्यक्ष और सदस्य की नियुक्ति भी की गई।



इसी प्रकार सरकारी विभागों में हो रहे भ्रष्टाचार और गड़बड़ियों को लेकर अनेकों मामले उठाते रहे हैं तथा कई भ्रष्ट अधिकारियों, ठेकेदारों के विरुद्ध अपराध भी पंजीबद्ध कराया गया है तथा शासन व लोक न्याय हित में कार्य कर रहे हैं।

जिसको लेकर ग्लोबल चेंबर ऑफ कंज्यूमर राइट्स एवं किटक्राफ्ट प्रोडक्शन के द्वारा पूरे देश से अलग अलग क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वालो का नॉमिनेशन मंगाया गया था जिसमे डी के सोनी के द्वारा सरगुजा सहित छत्तीसगढ़ राज्य में सोशल जस्टिस का कार्य लगातार करने के संबंध में अपना नॉमिनेशन भेजा गया था, जिसमे डीके सोनी का आवेदन चयन समिति के द्वारा साक्षात्कार लेने के उपरांत स्वीकार कर उन्हें दिल्ली पंडेचेरी होटल विवांता इन ताज द्वारिका में दिनांक 15/7/23 दिन शनिवार को देश के कोने कोने से आए लोगो के समक्ष राज्यपाल और देश की पहली महीला आईपीएस किरण बेदी जी के कर कमलों से इंडिया आईकॉनिक वेस्ट सोशल जस्टिस 2023 का अवॉर्ड दिया गया।

दिल्ली के उक्त कार्यकर्म में मुख्य रूप से मतेजा वोड्व घोष एम्बेसडर साल्विनिया, जे के त्रिपाठी पूर्व एम्बेसडर जिंबाब्वे, गोपाल कृष्णा अग्रवाल राष्ट्रीय प्रवक्ता बीजेपी, डॉ जगन्नाथ पटनायक वाइस चांसलर आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी, प्रोश शुभा राजन द इमेज इंडिया, प्रोशडॉक्टर देवकर गोयल चेयरमैन एरो अकैडमी डायरेक्टर एयरपोर्ट अथॉरिटी, तथा श्री गोरेज कोचुपूराकल चेयरमैन ग्लोबल चेंबर ऑफ कंज्यूमर राइट्स उपस्थित थे। उक्त अवार्ड डीके सोनी को मिलने से उनके मित्रो, अधिवक्ताओं, और सोसल जस्टिस प्राप्त करने वाले पीड़ितों में खुशी का माहौल है।

# कीचड़ से सनी सड़क पर मोहल्लेवासियों ने लगाया रोपा



-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 18 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।

नगर निगम क्षेत्र के गंगापुर मुक्ति धाम के पीछे भुईयां पारा में पिछले कई सालों से सडक़ की समस्या से लोग जुझ रहे हैं। कच्ची सडक़ होने के कारण बारिश के दिनों में चलना मुश्किल हो गया है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए स्थानीय निवासियों ने सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ कीचडनुमा सडक़ों पर रोपा लगाकर विरोध जताया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हम लोग सडक़ की मांग को लेकर कई बार आंदोलन, निगम का चक्कर लगा चुके हैं। इसके बावजूद भी सडक़ का निर्माण नहीं कराया गया। बारिश होने पर बच्चों को स्कूल जाने के लिए हाथ में जूते और सिर पर बैग लेकर बड़ी मुश्किल से रोड तक जाना पड़ता है। मोहल्ले के अंदर वाहन नहीं पहुंच पाती है। इस स्थिति में अगर किसी की तबियत खराब हो जाती है तो उसे किसी तरह पहले मुख्य सडक़ तक लाया जाता है। इसके बाद उसे वाहन से अस्पताल पहुंचाया जाता है। विरोध प्रदर्शन के दौरान महापौर ने सडक़ बनवाने का आश्वासन दिया था पर आज तक सडक़ की मरम्मत नहीं कराई गई। रोपा लगाने के दौरान मोहल्लेवासियों के साथ सामाजिक कार्यकर्ता अंकुर सिन्हा, पूजा चौहान, अंजलि एक्का एवं तारा बाई, संतोषी भुईयां, राजपति बाई, केंधी भुईया, शांति देवी, धनेश्वर राम, रिटा ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 18 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।

राजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भदार के पास 3 जुलाई को हुए सडक़ दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि दूसरे युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विगन नाग पिता दुबला नगेशिया उम्र 25 वर्ष शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम जोकापाठ का रहने वाला था। वह 3 जुलाई को बाइक से गांव के ही राजकुमार व राजेश के साथ बाइक से मजदूरी करने बरियों गया था। वापस आने के दौरान शाम 6 बजे राजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भदार के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि गंभीर रूप से घायल विगन को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान सोमवार की देर रात उसकी मौत हो गई। वहीं राजेश को मामूली चोट आई थी।

# कुएं में गिरने से महिला की मौत

-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 18 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।

शराब के नशे में एक महिला कुएं में गिर गई। परिजन उसकी तलाश पूरी रात करते रहे। सोमवार की सुबह घर के पास ही कुएं में उसका शव मिला। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। जानकारी के अनुसार फूल कुंवर पति सैनाथ पैकरा उम्र 55 वर्ष कोतवाली थाना क्षेत्र के दवंरपारा की रहने वाली थी। वह शराब पीने की आदी थी। 16 जुलाई को खेत में रोपा लगाकर शाम को घर आई और शराब का सेवन की थी। शराब सेवन करने के बाद वह घर से बाहर निकली थी। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटने पर परिजन पूरी रात उसकी तलाश करते रहे। वहीं सोमवार की सुबह घर के बाहर कुएं में उसकी लाश मिली। परिजन ने मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। फिलहाल पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



# सर्पदंश से दो दिन के अंदर मासूम सहित तीन की मौत

-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 18 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।

बारिश के मौसम में सरगुजा संभाग में सर्पदंश से होने वाली मौत की घटनाएं बढ़ गई है। पिछले दो दिन के अंदर 4 चार साल के मासूम सहित तीन लोगों की मौत सर्पदंश से हुई है। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिले के भैयाथान थाना क्षेत्र के ग्राम कटिन्दा निवासी रिकी देवांगन के चार वर्षीय बेटे अभय की मौत सर्पदंश से हो गई। 17 जुलाई की रात को अभय अपनी मां के साथ सोया था। बच्चे को पेशाब लगने पर उसे बाहर ले गई थी। इस दौरान बच्चे के पैर में डंडा करैत सांप ने डंस लिया था। परिजन उसे इलाज के लिए अंबिकापुर मिशन अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरा मामला धौरपुर के ग्राम करौली निवासी राजकुमारी गोंड पति मुकेश गोंड 35 वर्ष जमीन पर सोई थी तभी डंडा करैत ने उसे डस लिया था, वहीं बगीचा में किराए के मकान में निवास कर रही उड़ीसा के समुंदरगढ़ निवासी कोनाल बहला पिता गोपाल 21 वर्ष जमीन पर मच्छरदानी लगाकर सोई थी। उसे भी सांप ने डस लिया, संभवतः मच्छरदानी के बीच में जगह खाली होने पर सांप बिस्तर में घुसा होगा, परिजन सांप को एक डिब्बे में बंद कर पीड़िता को ले नजदीकी अस्पताल पहुंचे, जहां से रेफर किए जाने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान दोनो की मौत सोमवार को हो गई थी।

# यहां की जनता ने भाजपा व कांग्रेस को दिया मौका पर दोनों पार्टियों ने केवल ठगने का किया है काम



-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 18 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।

प्रदेश में कांग्रेस व भाजपा के बाद अब यहां की जनता बदलाव चल रही है। छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस व भाजपा से निरास होकर विकल्प के रूप में आमआदमी को तलास रही है। इस वर्ष छत्तीसगढ़ में होने वाले चुनाव में कुल 90 सीटों पर चुनाव लडऩे की तैयारी में है। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के दिल्ली बुराड़ी से विधायक, पार्टी प्रवक्ता एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रभारी संजीव झा ने शहर के सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी प्रदेश भर में बदलाव यात्रा निकाल रही है, प्रदेश के ऐसे 27 सौ जगह को चिन्हांकित किया गया है, जहां संगठन से जुड़े लोग पहुंच बनाकर कांग्रेस और बीजेपी सरकार के कार्यकाल की विफलताओं को लोगों तक पहुंचाएंगे। शहर, हाट-बाजारों तक प्रदेश के सह प्रभारी पहुंच रहे हैं, हर गांव में कमेटियां बन रही हैं। सबका कहना है कि आम आदमी पार्टी विकल्प बने। सरगुजा संभाग में बदलाव यात्रा की शुरुआत सूरजपुर जिले के प्रतापपुर से होगी। पार्टी द्वारा दिल्ली और पंजाब में किए गए विकास कार्य की जानकारी लोगों तक पहुंचाने की योजना बनाई है। पत्रकारों के सवाल पर संजीव झा ने कहा कि प्रदेश के पूरे 90 विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी चुनाव में उम्मीदवार खड़ा करेगी। छत्तीसगढ़ में अनियमित कर्मचारी सडक़ पर आ गए हैं। प्रदेश की भूपेश सरकार ने घोषणापत्र में नियमितीकरण का वादा किया था, जो पूरा नहीं हुआ। आम आदमी पार्टी ने पंजाब में सरकार बनने के बाद 32 हजार कर्मचारियों का नियमितीकरण किया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री किसानों को लेकर कई जुबानी बातें करते हैं, प्रदेश में गौठानों की हालत खराब है। ऐसे हालातों से जनता को उबारने के लिए आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता एक मुहिम के तहत घर-घर पहुंचेंगे, यह पार्टी मजबूत विकल्प के रूप में जनता के सामने आएगी। उन्होंने पार्टी प्रत्याशियों के परिप्रेक्ष्य में कहा कि दिल्ली के मु यमंत्री के रूप में पहचान बनाए आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल का चेहरा कोई बड़ा नहीं था, लेकिन जनता ने उन्हें स्वीकार किया। समय के साथ अच्छे प्रत्याशियों का चेहरा सामने आएगा। उन्होंने कहा प्रदेश में 15 साल भाजपा और पांच साल कांग्रेस को जनता मौका दी, इसके बाद भी लोग खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। दोनों का कुशासन जनता पर भारी पड़ा है। दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विकास का मॉडल छत्तीसगढ़ की जनता को मिले, इसके लिए पार्टी के कार्यकर्ता सक्रिय हैं। उन्होंने कहा दिल्ली हो या पंजाब यहां बदलाव का मुहिम जनता ने चलाया और आम आदमी पार्टी को मौका दिया। विश्वास है छत्तीसगढ़ में भी जनता नया इतिहास रचेगी। बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा, नौजवानों को रोजगार, मुफ्त बिजली, महिलाओं, किसानों सहित अन्य की बुनियादी जरूरतों की पूर्ति के लिए आम आदमी पार्टी काम करेगी। इस दौरान आम आदमी पार्टी के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वन विभाग में काम करने के बाद एक साल से मजदूरी के लिए भटक रहे मजदूर

-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 18 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।

वन विभाग मजदूरों से काम कराने के बाद उन्हें मजदूरी देना अक्सर भूल जाता है। समय पर मजदूरी का भुगतान नहीं होने से परेशान मजदूर विभाग का चक्कर लगाते रहते हैं। ऐसा ही एक मामला अंबिकापुर वन परीक्षेत्र में आया है। वन विभाग द्वारा पिछले वर्ष पौध रोपण अन्य काम मजदूरों से कराया गया था। जिसका 40-50 मजदूरों का भुगतान आज तक नहीं हो सका है। परेशान मजदूरों ने मंगलवार को वन विभाग का घेराव कर मजदूरी भुगतान कराने की मांग की है।



जानकारी के अनुसार शहर से लगे मेन्ड्राकला के 40-50 महिला-पुरूष श्रमिक वन विभाग अंबिकापुर क्षेत्र में पौध रोपण, घांस की सफाई, पौधों की छंटाई सहित अन्य काम किए थे। वन विभाग द्वारा लगभग डेढ़ से दो माह काम कराने के बाद मजदूरी देना भुल गया है। श्रमिक अपने हक की मजदूरी मांगने पिछले एक साल से वन विभाग का चक्कर काट रहे हैं। इसके बावजूद वन विभाग श्रमिकों को उनके मजदूरी का भुगतान नहीं कर सका है। परेशान श्रमिकों ने मंगलवार को वन विभाग का घेराव कर मजदूरी भुगतान कराने की मांग की। इस दौरान श्रमिकों ने वन विभाग को ज्ञापन भी सौंपा है। मजदूरों का कहना है कि वन विभाग द्वारा अगस्त 2022 में काम कराया गया था। हमलोग 40-50 मजदूर काम किए थे। वन विभाग द्वारा 300 रुपए रोजी देने की बात कही थी। वन विभाग काम कराने के बाद मजदूरी नहीं दिया है। विभाग द्वारा कहा गया था कि जल्द ही आप सभी के खाते में मजदूरी का भुगतान करा दिया जाएगा पर एक साल होने के बाद भी मजदूरी का भुगतान नहीं कराया गया है।



# कन्या छात्रावास की मांग को लेकर अभाविप ने किया पीजी कॉलेज में अंदोलन

-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 18 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अम्बिकापुर नगर के कार्यकर्ताओं द्वारा राजीव गांधी पीजी कॉलेज में कन्या छात्रावास की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर कन्या छात्रावास की मांग की है।

पीजी कॉलेज कैंपस अध्यक्ष सत्येंद्र मिश्रा रौनी ने बताया कि पीजी कॉलेज में पूरे सरगुजा संभाग से छात्राएं पढ़ाई करने आतीं हैं, परंतु यहां जो छात्रावास पहले से है उसे संगीत कॉलेज में परिवर्तन किया जा रहा है। जिससे छात्राओं को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अभाविप ने कॉलेज के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर कन्या छात्रावास की मांग की है। इस दौरान विभाग छात्रा प्रमुख मुस्कान सिंह, प्रांत सह मंत्री निखिल मरावी, जिला संयोजक उज्जवल तिवारी, नगर मंत्री यशराज सिंह, नगर सह मंत्री सौंदर्य थापा, गोपाल सिंह, कार्यालय मंत्री राहुल नागवंशी, अविनाश मंडल लकी सिंह, सिद्धार्थ यादव, सूर्या दुबे, कैप खान, प्रिंस, सुजीता ,राहुल ,दीपक, महेंद्र, कनित सिंह व सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# घर में काम करने के दौरान मजदूरों ने चोरी कर ली थी एलइडी टीवी

-संवाददाता-
अम्बिकापुर, 18 जुलाई 2023 (घटती-घटना)।

घर में काम करने आए दो मजदूरों ने मौका पाकर एलइडी टीवी चोरी कर ली थी। कमान मालिक के रिपोर्ट पर गांधीनगर पुलिस ने चोरी करने वाले दो मजदूर व एक खरीदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार हर्षवर्धन सिंह गांधीनगर थाना क्षेत्र के होली क्रॉस स्कूल के पास का रहने वाला है। इसके घर के ऊपरी मंजील पर काम चल रहा था। वह एलइडी टीवी खोलकर दूसरे मंजील पर रख दिया था। 21 जून के लगभग एलईडी चोरी हो गई थी। वह मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराया था। प्रार्थी ने पुलिस को बताया था कि दो मजदूर अक्सर काम करने के बाद एलइडी रखे हुए कमरे में रूक जाया करते थे। संदेह होने पर पुलिस ने रंजित उपाध्याय उर्फ़ रंजित मण्डल निवासी शनिमंदिर के पास नमनाकला को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो वह अपने साथी राजेश लकड़ा निवासी नवानगर थाना दरिमा के साथ मिलकर उक्त एलईडी टीवी चोरी कर असीम एक्का निवासी चिरंगा रकेली थाना दरिमा के हाथों 35 सौ रुपए में बेचना बता। पुलिस ने एक-एक कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक अलंगो दस, आरक्षक राजकुमार यादव, अनिल परिहार शामिल रहे।

CMYK

## अफगान शरणार्थियों के आतंकवादी कृत्यों में शामिल होने का सबूत नहीं

वाशिंगटन। इस्लामाबाद द्वारा अस्थिरता पैदा करने का आरोप लगाने के बाद व्हाइट हाउस ने कहा है कि पाकिस्तान में रह रहे या अफगानिस्तान के साथ लगने वाली सीमा पर रह रहे अफगान शरणार्थियों के आतंकवादी कृत्यों में शामिल होने के कोई संकेत नहीं मिले हैं। व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने यह बात कही। दरअसल पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने दो दिन पहले कहा था कि देश में बढ़ते आतंकवादी हमलों के बीच अफगान शरणार्थियों को पाकिस्तान में बसने की अनुमति देना एक गंभीर गलती थी। आसिफ ने कहा था, ''मौजूदा स्थिति ने अफगान शरणार्थियों को प्रदान की गई सुविधाओं के संबंध में चिंताएं बढ़ा दी हैं।'' उन्होंने कहा कि अफगान शरणार्थियों को आश्रय और सुविधाएं देने के परिणाम पाकिस्तान को भुगतने पड़े हैं। उन्होंने अफगान नागरिकों पर आतंकी गतिविधियों में शामिल होने का भी आरोप लगाया। इस पर किर्बी ने कहा, पाकिस्तान में या अफगानिस्तान से लगने वाली उसकी सीमा पर रह रहे अफगान शरणार्थियों के आतंकवादी कृत्यों में शामिल होने के हमें कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि इतनी अधिक संख्या में अफगान नागरिकों की मदद करने के लिए अमेरिका पाकिस्तान की सराहना करता है और ''हम आतंकवाद की चुनौतियों से निपटने के लिए पाकिस्तान के साथ काम करना जारी रखने वाले हैं। किर्बी ने कहा, ' मेरा मतलब है कि राष्ट्रपति ने स्पष्ट कर दिया है कि हम आतंकवाद विरोधी क्षमता में सुधार को गंभीरता से लेने और हम इसका प्रभावी ढंग से उपयोग करने वाले हैं। आसिफ ने कहा था कि इमरान खान के नेतृत्व वाली पिछली सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान काफी गंभीर गलतियां की थीं। उन्होंने कहा था, ''तीन लाख से अधिक लोगों को यहां लाया गया है, जबकि 500,000 अफगान प्रवासी पहले से मौजूद हैं।'' पाकिस्तानी सेना के शीर्ष अधिकारियों ने तालिबान शासित अफगानिस्तान के परोक्ष संदर्भ में कहा कि 'पड़ोसी देश' में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों को पनाहगाह और नए-नए हथियार उपलब्ध कराना आतंकवादी हमलों में वृद्धि के कारणों में से एक हैं। उन्होंने पड़ोसी देश का नाम नहीं लिया।

## सऊदी में एर्दोगन, कई समझौतों पर हस्ताक्षर

### -बंद कमरे में प्रिंस के साथ एर्दोगन की बैठक

जेद्दा। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन के सऊदी अरब पहुंचने पर दोनों देशों ने निवेश, रक्षा उद्योग, ऊर्जा और संचार से जुड़े कई समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। रिपोर्ट के अनुसार, जेद्दा शहर में एर्दोगन और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल की बैठक के बाद समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। राष्ट्रपति एर्दोगन ने इसके पहले अल-सलाम रॉयल पैलेस में बंद दरवाजे के पीछे सऊदी क्राउन प्रिंस के साथ बैठक की। संबंधों को मजबूत करने के लिए तुर्की के नेता तीन दिवसीय खाड़ी दौरे के तहत सऊदी अरब पहुंचे। रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद सहित कई उच्च पदस्थ सऊदी अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। दिन में इस्तांबुल छोड़ने से पहले, एर्दोगन ने कहा कि खाड़ी देशों की उनकी यात्रा का मुख्य एजेंडा निवेश और वित्तपोषण के बारे में है। राष्ट्रपति के साथ उनके मंत्रिमंडल के सदस्य और अधिकारी भी हैं। सऊदी अरब के बाद एर्दोगन कतर और संयुक्त अरब अमीरात का दौरा करेंगे।

## हिंदुओं के खिलाफ जहर उगलने वाला ब्रिटेन का मौलाना अंजेम चौधरी गिरफ्तार

लंदन। ब्रिटेन की पुलिस ने हिन्दुओं के खिलाफ जहर उगलने वाले मौलाना अंजेम चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर आतंकियों के साथ रिश्ते होने का आरोप हैं। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को लंदन पुलिस ने अलसुबह पूर्वी लंदन में अंजेम चौधरी के घर पर धावा बोला और उसे अरेस्ट कर लिया गया। इसके करीब 7 घंटे बाद ब्रिटेन के आतंकवाद निरोधक दस्ते ने लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से कनाडा से आए एक और शख्स को अरेस्ट कर लिया है। इन दोनों पर ही प्रतिबंधित आतंकी संगठन के सदस्य होने का संदेह है। सूत्रों की मानें तो अंजेम चौधरी ब्रिटेन में खलीफा शासन लागू करना चाहता है। यही नहीं मौलवी अक्सर ब्रिटेन में रह रहे हिंदुओं के खिलाफ भी जहर उगलता रहता है। जानकारी के अनुसार ब्रिटेन की पुलिस ने पिछली रात पूर्वी लंदन में तीन जगहों की तलाशी ली है। पेशे से वकील अंजेम चौधरी कई वर्षों से ब्रिटेन का सबसे प्रभावी मुस्लिम चरमपंथी रहा है। अंजेम को आईएसएस के लिए समर्थन जुटाने पर साल 2016 में साढ़े 5 साल के लिए जेल में डाल दिया गया था। जेल से रिहा होने के बाद से अंजेम चौधरी जहरीले बयान देने लगा है। गौरतलब है कि उसने इस साल जनवरी महीने में अपनी आत्मकथा में ब्रिटेन के राजकुमार हैरी को अफगानिस्तान में तालिबान के 25 लड़ाकुओं को मार गिराने का बताया था। ब्रिटेन की पुलिस के प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवाद निरोधक दस्ते ने दो लोगों को आतंकी अपराधों के संदेह में अरेस्ट किया है। इन पर प्रतिबंधित आतंकी संगठन के सदस्य होने का संदेह है। उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस अभी तलाशी अभियान चला रही है। दरअसल अंजेम चौधरी ब्रिटेन में रह रहे हिंदुओं और मुस्लिमों के बीच नफरत फैलाता रहता है। उस पर ब्रिटेन में मुस्लिम युवाओं की एक पूरी पीढ़ी को कट्टरपंथी बनाने का आरोप है। यही वजह है कि ब्रिटेन में उसके सार्वजनिक जगहों पर भाषण देने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। इसके अलावा अंजेम चौधरी को मोबाइल तथा इंटरनेट इस्तेमाल करने से भी रोक दिया गया था। हाल ही में उसके खिलाफ लगे प्रतिबंधों को खत्म कर दिया गया था। इन प्रतिबंधों के हटने के बाद एक बार फिर से अंजेम चौधरी आतंकी गतिविधियों में लिप्त हो गया था।

## सरकारी अधिकारियों के आईफोन के इस्तेमाल पर रूस ने लगाया प्रतिबंध

मॉस्को। रुस ने अपने सरकारी अधिकारियों द्वारा आईफोन इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। जानकरी के अनुसार अमेरिका के निगरानी दावों को लेकर रूस ने सरकारी अधिकारियों द्वारा एप्पल आईफोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रूस की संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसएस) ने हजारों अधिकारियों को आईफोन और आईपैड्स जैसे अन्य एप्पल प्रोडक्ट्स का उपयोग बंद करने के लिए कहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 17 जुलाई से रूस के व्यापार मंत्रालय के कर्मचारियों को कार्यस्थल पर आईफोन का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि मंत्रालयों में सुरक्षा अधिकारियों ने घोषणा की कि आईफोन को अब सुरक्षित नहीं माना जाता है और विकल्प तलाशे जाने चाहिए। अधिकारी मानते हैं कि अमेरिकी वायरटैपिंग के लिए अपने उपकरणों का उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि एफएसबी प्रोफेशनल कॉन्टैक्ट्स के लिए आईफ़ोन के इस्तेमाल के बारे में लंबे समय से चिंतित है। गौरतलब है कि मार्च में, क्रेमलिन ने अधिकारियों से एप्पल प्रोडक्ट्स का उपयोग बंद करने को कहा था, क्योंकि उन्हें डर है कि ये उपकरण अमेरिकी हैकिंग के प्रति संवेदनशील हैं। पिछले महीने, रूसी सरकार ने एप्पल पर अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के साथ काम करने का आरोप लगाया था, इस दावे का टेक जायंट ने जोरदार खंडन किया है। वहीं एप्पल ने कहा कि कंपनी ने निगरानी के लिए किसी भी एप्पल प्रोडक्ट्स को लेकर कभी भी किसी सरकार के साथ काम नहीं किया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि प्रमुख मंत्रालयों और संस्थानों में एप्पल प्रोडक्ट्स पर प्रतिबंध रूसी राज्य संस्थानों के खिलाफ अमेरिकी खुफिया एजेंसियों द्वारा जासूसी गतिविधि में वृद्धि पर क्रेमलिन और संघीय सुरक्षा सेवा जासूसी एजेंसी में बढ़ती चिंता को दर्शाता है।

## पीएम मोदी की फांस यात्रा के दौरान श्रीलंका के दौर पर चुपचाप पहुंची फांसिसी नौसेना का जहाज

पेरिस। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फांस की यात्रा की। उनकी यात्रा को लेकर फांस में काफी जोश नजर आया। लेकिन जिस वक्त पीएम मोदी पेरिस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो को गले लगा रहे थे, तभी फांस की नौसेना का एक जहाज चुपचाप भारत के दक्षिणी पड़ोसी श्रीलंका का दौरा कर रहा था। पीएम मोदी की इस यात्रा का मकसद हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भारत-फांस के एक रणनीतिक रोडमैप तैयार करना था। रिपोर्ट के मुताबिक फेंच जहाज, लोरेन ने पिछले सप्ताह कोलंबो का दौरा किया। इसी दौरान यहां से रवाना होने से पहले उसने एक पासिंग अभ्यास में भी हिस्?सा लिया। चीन जिस तरह से हिंद महासागर को लेकर आक्रामक हो रहा है, यह देखकर फांस की नौसेना ने हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) सहित हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी तैनाती बढ़ा दी है।



रुस और क्रीमिया को जोड़ने वाले पुल का एक हिस्सा टूटा नजर आया।

## मास्को समझौता पूरा नहीं होने के चलते रूस ने रद्द किया काला सागर अनाज सौदा

मॉस्को। मास्को समझौता पूरा नहीं होने के चलते काला सागर अनाज सौदा रद्द कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार रूस ने काला सागर अनाज निर्यात सौदे में अपनी भागीदारी समाप्त कर दी है। इस संबन्ध में क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने सोमवार को कहा कि मॉस्को से संबंधित समझौते का हिस्सा पूरा नहीं होने के कारण यह कदम उठाया गया है। मी?डिया में आई खबर के अनुसार काला सागर समझौते अब प्रभावी नहीं हैं। रूसी राष्ट्रपति ने पहले भी कहा था कि इसकी समय सीमा 17 जुलाई है। दुर्भाग्य से, काला सागर समझौते का वह हिस्सा जो रूस से संबंधित है, अभी तक पूरा नहीं हुआ है। परिणामस्वरूप, इसे समाप्त कर दिया गया है। हालांकि प्रवक्ता ने यह भी स्पष्ट किया कि सौदे की समाप्ति का केर्च पुल पर अनिर्दिष्ट आपातकालीन घटना से कोई लेना-देना नहीं है, जो रूस की मुख्य भूमि को कब्जे वाले क्रीमिया प्रायद्वीप से जोड़ता है। गौरतलब है कि क्रेच पुल की घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। हालांकि पेस्कोव ने कहा कि अनाज सौदे में भागीदारी के निलंबन पर रूस की स्थिति आज क्रीमिया पुल पर आतंकवादी कार्रवाई से पहले घोषित की गई थी और यह हमला मॉस्को के फैसले को बिल्कुल भी प्रभावित नहीं करता है। उन्होंने कहा कि ये घटनाएं एक-दूसरे से बिल्कुल असंबद्ध हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस आतंकवादी हमले से पहले भी स्थिति साफ कर दी थी।

# पुतिन ने दी क्लस्टर बम की धमकी, अगर यूक्रेन नहीं माना तो तबाही निश्चित

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन को सीधी चुनौती दी है। रविवार को पुतिन ने कहा कि रूस के पास क्लस्टर बम का पर्याप्त भंडार है, अगर यूक्रेन ने विवादास्पद हथियार का इस्तेमाल किया तो वह भी जवाबी कार्रवाई करने में सक्षम है। गौरतलब है कि अमेरिका से यूक्रेन को क्लस्टर बम की आपूर्ति पर अपनी प्रतिक्रिया में, पुतिन ने रविवार को एक इंटरव्यू में कहा कि रूस ने यूक्रेन में अपने युद्ध में अब तक क्लस्टर बम का इस्तेमाल नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अब तक, हमने ऐसा नहीं किया है, और हमें ऐसी कोई जरूरत भी नहीं पड़ी। हालांकि रूस और यूक्रेन, दोनों की तरफ से क्लस्टर बमों के इस्तेमाल का व्यापक रूप से जिक्र किया गया है तथा रूस के हमलों के बाद क्लस्टर बम पाए गए हैं। इस मामले में पेंटागन ने कहा कि अमेरिका की ओर से प्रदान किए गए क्लस्टर बम यूक्रेन में आ गए हैं। क्लस्टर बम को ऊंचाई से हवा में छोड़ा जाता है और इसके अंदर से हजारों की संख्या में छोटे बम निकलते हैं, जो निशाना बनाए गए स्थान पर भारी तबाही मचाते हैं।



गौरतलब है कि अतीत में क्लस्टर बम के इस्तेमाल में बड़ी संख्या में लोग मारे गए हैं। यही वजह है कि कई देश क्लस्टर बम के इस्तेमाल से परहेज करते हैं। पिछले हफ्ते अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की ओर से अंतिम निर्णय लेने से पहले, अमेरिकी नेताओं ने महीनों तक इस पेचीदे मुद्दे पर चर्चा की। यूक्रेन ने इन्हें घनी आबादी वाले इलाकों से दूर ही इस्तेमाल करने का वादा किया है। वहीं यूक्रेन की सेना ने रविवार सुबह कहा कि पिछले 24 घंटे में रूस ने 40 हवाई हमलों और रॉकेट लांचर से 46 हमलों के अलावा, ईरान निर्मित दो शाहेद ड्रोन से हमले किए, दो क्रूज मिसाइलें दागी और दो विमान भेदी मिसाइलें छोड़ीं। गवर्नर पावलो किरिलेंको ने कहा कि शनिवार को क्षेत्र के दो निवासियों की मौत हो गई, और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। यूक्रेनी अभियोजक जनरल के कार्यालय के अनुसार, देश में अन्य जगहों पर, रविवार को दक्षिणी क्षेत्र खेरसॉन में रूसी सेना की ओर से छोड़े गए एक विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से आठ और 10 साल की उम्र के दो लड़के घायल हो गए।

## पाकिस्तान में 8 अगस्त को भंग होगी नेशनल एसेंबली, पीपी, पीएमएल-एन हुए सहमत



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** संघीय सरकार में दो प्रमुख हितधारक पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) 8 अगस्त को नेशनल असेंबली को भंग करने पर सहमत हुए हैं। हालाँकि, सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर स्पष्ट किया कि संसद के निचले सदन को भंग करने की तारीख अभी तय नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि विघटन की तारीख पीडीएम और अन्य सहयोगी दलों के परामर्श से तय की जाएगी। नेशनल असेंबली के विघटन की तारीख पर निर्णय की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

मौजूदा नेशनल असेंबली का पांच साल का संवैधानिक कार्यकाल 12 अगस्त की आधी रात को समाप्त हो रहा है - उस तारीख के चार दिन बाद जिस दिन दोनों पार्टियां कथित तौर पर विधायिका को भंग करने पर सहमत हुई थीं। सूत्रों के मुताबिक, 9 और 10 अगस्त को भी चर्चा हुई, लेकिन विधानसभा को जल्द भंग करने में किसी भी बाधा से बचने के लिए 8 अगस्त को करने का फैसला किया गया। कानून के अनुसार, यदि राष्ट्रपति सारांश को मंजूरी नहीं देते हैं, तो विधानसभा 48 घंटों के बाद भंग हो जाती है, जिससे सरकार को समय से पहले विघटन के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पर्याप्त समय मिल जाता है।

नेशनल असेंबली या प्रांतीय असेंबली के लिए आम चुनाव उस दिन के तुरंत बाद साठ दिनों की अवधि के भीतर आयोजित किया जाएगा जिस दिन विधानसभा का कार्यकाल समाप्त होने वाला है, जब तक कि विधानसभा को जल्द ही भंग नहीं किया गया हो।

## टीवी एंकर के इश्क में पड़े चीनी विदेश मंत्री किन गांग

### - दो माह से कही नजर नहीं आए

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीनी विदेश मंत्री किन गांग 25 जून के बाद से कहीं नहीं नजर आए हैं। गांग को उस समय श्रीलंकाई विदेश मंत्री के साथ मुलाकात के दौरान देखा गया था। उसके बाद से ही उनका कुछ पता नहीं लग रहा है। किसी विदेश मंत्री का इतने दिनों तक गायब रहना काफी हैरान करने वाला वाक्य है। उनकी गुमशुदगी के साथ ही एक मशहूर टीवी एंकर के साथ उनके अफेयर के चर्चे भी तेजी से शुरू हो गए हैं। बताया जा रहा है कि 57 साल के किन इस समय 40 साल की न्यूज एंकर फू शियाओटिऑन के इश्क में गिरफ्तार हैं। किन गांग को चीन की वोल्?फ वॉरियर डिप्लोमैसी के लिए जाना जाता है। यूके और अमेरिका में राजदूत रहे किन के लापता होने की खबरें अंतरराष्ट्रीय मीडिया में छाई हुई हैं। फू शियाओटिऑन को भी काफी दिनों से कही नहीं देखा गया है। चीन के विदेश मंत्रालय की तरफ से भी इस पर कोई टिप्?पणी नहीं की गई है। फू के साथ अफेयर की खबरों के बाद से ही उनकी फ्लर्टिंग स्टाइल वाली इंटरव्यू टेक्निक के बारे में जमकर बातें हो रही हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि जब फू ने हाई रैंकिंग चीनी अधिकारियों की तरफ ध्यान लगाया तब उन्होंने सुरक्षा विभाग के नियमों का उल्लंघन भी किया। जिस समय किन को स्टेट काउंसिलर की जिम्मेदारी संभाली थी तब फू ने अपने बेटे की एक फोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वीबो पर शेयर की थी। उन्होंने एक विजयी शुरुआत कैप्शन के साथ फोटो अपलोड की थी। इससे कुछ लोगों ने अनुमान लगाया कि वह विदेश मंत्री को बधाई दे रही थीं। गायब होने से पहले आखिरी सोशल मीडिया पोस्ट पर फू ने एयरक्राफ्ट की फोटो शेयर की थी। इसके साथ उन्होंने किन के साथ इंटरव्यू का एक स्क्रीन शॉट और अपने बेटे के साथ अपनी एक फोटो शेयर की थी। इन फोटोग्राफ्स ने चीनी अधिकारियों को परेशान कर दिया। शियाओटिऑन फीनिक्स टेलीविजन से जुड़ी हैं जिस पर चीन का मालिकाना हक है और इसका मुख्यालय हांगकांग और शेन्जेन में है। शियाओटियन को इटली की सरकार और कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी की तरफ से उन्हें अंतरराष्ट्रीय सेलिब्रिटी वाला दर्जा मिला हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक शियाओटियन पर ब्रिटिश इंटेलीजेंस डिपार्टमेंट से जुड़े होने का आरोप है। 10 मई 2019 को, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के चर्चिल कॉलेज में फू शियाओटियन के नाम पर एक गार्डन का नाम रखा गया है। फू यहां से ही पढ़ी हैं। कैम्ब्रिज जैसीप्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी किसी शख्स के नाम पर बगीचे का नाम तब तक नहीं रखेगी जब तक कि वह कोई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त न हो। बगीचे का नाम फू के नाम पर रखे जाने पर चीनी सरकार ने नाराजगी जताई थी।

# भारत-श्रीलंका संयुक्त समिति ने नौका सेवाओं की बहाली के लिए वार्ता की

**कोलंबो (एजेंसी)।** भारत और श्रीलंका के बीच द्विपक्षीय संपर्क मजबूत करने के मकसद से स्थापित एक संयुक्त आयोग ने क्षेत्रीय व्यापार एवं पर्यटन को बढ़ावा देने तथा लोगों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए दोनों देशों के बीच नौका सेवाएं बहाल करने पर ''सार्थक वार्ता'' की है। समुद्र के रास्ते यात्रियों के आवागमन संबंधी समझौता पत्र (एमओयू) के तहत स्थापित भारत-श्रीलंका संयुक्त समिति ने पिछले सप्ताह डिजिटल माध्यम से एक बैठक की। यहां भारतीय उच्चायोग ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा, ''सार्थक बातचीत में दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से सहमत बिंदुओं को जोड़ने वाली नौका सेवाओं को बहाल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।''



इसमें बताया गया कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि नौका सेवाओं की बहाली से क्षेत्रीय व्यापार एवं पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और लोगों से बीच आपसी संबंध मजबूत होंगे। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे इस सप्ताह के अंत में भारत की यात्रा करने वाले हैं। इस बैठक में भारत का नेतृत्व बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव राजेश कुमार सिन्हा और श्रीलंका का नेतृत्व श्रीलंकाई सरकार के बंदरगाह, जहाजरानी और विमानन मंत्रालय के सचिव के डी एस रुवनचंद्रा ने किया। बयान में बताया गया कि संयुक्त समिति ने निकट भविष्य में नौका सेवाओं के संचालन के मकसद से आपसी सहयोग के लिए कई क्षेत्रों की पहचान की और आपसी समझ के आधार पर आगे कदम उठाने की इच्छा जताई। भारत और श्रीलंका सरकार ने समुद्री मार्ग से यात्री परिवहन पर द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन के प्रावधानों के अनुसार संयुक्त समिति का हाल में पुनर्गठन किया था। इस समझौता पत्र पर 2011 में हस्ताक्षर किए गए थे। नौका सेवाएं 80 के दशक में निलंबित कर दी गई थीं। दोनों देशों के बीच नौका सेवा अप्रैल में शुरू होनी थी, लेकिन भारत ने नौका सेवा के लिए चुने गए बंदरगाह को बदल दिया, जिसके कारण इसमें विलंब हो गया।

## 24 में खत्म करा दूंगा रूस-यूक्रेन युद्ध, ट्रंप ने व्हाइट हाउस लौटने को लेकर अभी से तैयार किया एक्शन प्लान

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस लौटने के 24 घंटे के भीतर यूक्रेन में शांति हासिल करने की अपनी रणनीति की रूपरेखा तैयार की है। फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार के दौरान, ट्रम्प ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अपने सकारात्मक संबंधों पर जोर दिया। जब उनसे यूक्रेन में संघर्ष को सुलझाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मैं ज़ेलेंस्की को बहुत अच्छी तरह से जानता हूं और मैं पुतिन को भी और भी बेहतर तरह से जानता हूं। उन दोनों के साथ मेरे अच्छे संबंध थे, बहुत अच्छे।

ट्रंप ने कहा कि मैं ज़ेलेंस्की से कहूंगा, अब और नहीं। तुम्हें एक सौदा करना होगा। मैं पुतिन से कहूंगा, अगर आप कोई समझौता नहीं करेंगे तो हम उन्हें बहुत कुछ देंगे। यदि हमें देना पड़े तो हम (यूक्रेन को) उससे कहीं अधिक देने जा रहे हैं जितना उन्हें कभी मिला है। ट्रंप ने कहा कि मैं एक दिन में सौदा कर दूँगा।

उन्होंने सुझाव दिया कि वह ज़ेलेंस्की को बताएंगे कि उन्हें बातचीत करने की ज़रूरत है और पुतिन को चेतावनी देंगे कि यदि कोई समझौता नहीं हुआ, तो यूक्रेन को महत्वपूर्ण समर्थन मिलेगा। उन्होंने एक दिन के भीतर समझौता संपन्न होने का भरोसा जताया। ट्रंप ने अमेरिकी राष्ट्रपति बिडेन की विश्व नेताओं के साथ जुड़ने की क्षमता की भी आलोचना की और मौजूदा स्थिति को अमेरिकी इतिहास में सबसे खतरनाक बताया।

# पाकिस्तान के सिंध प्रांत के हिंदू मंदिरों में उच्च सुरक्षा अलर्ट : पुलिस

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में इस सप्ताह डकैतों के गिरोह द्वारा एक हिंदू मंदिर पर रॉकेट से हमला करने के बाद अधिकारियों ने प्रांत के मंदिरों में उच्च सुरक्षा अलर्ट का आदेश दिया है और 400 पुलिस कर्मियों को तैनात किया है। हमलावरों ने रविवार को सिंध प्रांत के काशमोर इलाके में मंदिर और आसपास के हिंदुओं के घरों पर हमला किया। 'जियो न्यूज' पोर्टल की खबर के अनुसार, सिंध पुलिस प्रमुख गुलाम नबी मेमन ने पूरे प्रांत के मंदिरों की सुरक्षा के लिए हाई अलर्ट का आदेश दिया है। खबर में अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि मंदिरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न रेंज और जिलों में 400 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस कर्मी प्रशासनिक आधार पर सुरक्षा कर्तव्य निभाएंगे और मंदिरों में तैनात सभी कर्मियों को भी दो महीने के लिए सुरक्षा कर्तव्यों का काम सौंपा गया है।

सिंध के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) गुलाम नबी मेमन ने हिंदुओं से मंदिरों में सुरक्षा कर्तव्यों के लिए तैनात कर्मियों के साथ हर संभव सहयोग सुनिश्चित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि प्रांत में रहने वाले अल्पसंख्यकों और अन्य समुदायों की रक्षा करना पुलिस की जिम्मेदारी है। काशमोर-कंधकोट पुलिस ने मंदिर पर हमले को लेकर सोमवार को अज्ञात हमलावरों के खिलाफ आतंकवाद रोधी अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। अज्ञात हमलावरों के खिलाफ एक मामला गौसपुर थाने में दर्ज किया गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि तलाश अभियान शुरू कर दिया गया है और दोषियों को पकड़ लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गौसपुर शहर में एक सदी पुराना मंदिर है, जिसकी सुरक्षा पुलिस ने सुनिश्चित की है। सिंध के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री ज्ञानचंद एस्सरानी ने प्रांत के डकैतों से आग्रह किया है कि वे अपने हिंदू समुदाय को नुकसान न पहुंचाएं जो पिछली कई शताब्दियों से इस क्षेत्र में शांतिपूर्वक रह रहे हैं।

मंत्री ने सोमवार को प्रांतीय विधानसभा के पटल पर एक प्रश्न का उत्तर देते समय यह अपील की। मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) के विधायक मंगला शर्मा ने कहा कि नदी क्षेत्रों में भारी हथियारों से लैस डाकुओं ने सिंध में एक मंदिर पर हमला करने के लिए रॉकेट लॉन्चर का इस्तेमाल किया। शर्मा ने कहा कि घटना के बाद समुदाय डर के साये में जी रहा है। दूसरी ओर, एस्सरानी ने सदन को बताया कि डकैतों ने प्रांत के मंदिरों पर हमला करने की भी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में हिंदू समुदाय ने कुछ भी गलत नहीं किया है, इसलिए उनके पूजा स्थलों को नुकसान नहीं पहुंचाया जाना चाहिए।

# जिस खेल को बचपन में नाना-नानी व दादा-दादी के घर खेलते थे उस खेल को छत्तीसगढ़ सरकार दे रही है राज्य स्तरीय पहचान

## राज्य के पारंपरिक खेल गतिविधियों को ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रोत्साहित किया जा रहाःमहापौर कंचन जयसवाल

-संवाददाता-
चिरमिरी 18 जुलाई 2023

(घटती-घटना)। जिस खेल को हम नाना-नानी के घर खेलते थे उसे आज हमे फिर से खेलने का अवसर मिल रहा है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के पारंपरिक खेल गतिविधियों को ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने, प्रतिभागियों को मंच प्रदान करने व उनमें खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं खेल भावना का विकास करने हेतु यह आयोजन किया जा रहा है। उक्त बातें डोमन हिल खेल के ग्राउंड में खेल का शुभारंभ करते हुए क्षेत्र की महापौर श्रीमती कंचन जयसवाल ने कही उन्होंने कहां की उनकी सोच के कारण छत्तीसगढ़ की परम्परागत खेल, प्राचीन संस्कृति और लोक पर्व जीवित हो उठा है खेलो का अपना महत्व है हमे खेल से स्वस्थ जीवन मिलता है शरीर स्वस्थ रहता है। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुभाष कश्यप, सभापति गायत्री बिरहा, शंकर राव नगर निगम की आयुक्त लवीना पाण्डेय के साथ अधिकारी गण उपस्थित रहे। इस दौरान एमआईसी सदस्य रज्जाक खान ,संदीप सोनवानी बलदेव दास राकेश पारासर , महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष नीता डे,प्रेमशंकर सोनी ,सन्नी चैहथा ,शैल कुमारी ,प्रभाष राय ,रामप्यारे चैहान ,ओपी पितम ,माईकन अली सभी निर्वाचित पार्षदों के साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधी निगम के अधिकारीगण कर्मचारीगण भारी संख्या में उपस्थित रहे ।





### यह है छत्तीसगढ के पारम्परिक खेल

आयुक्त लवीना पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय व एकल दो श्रेणी में आयोजित होगी। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्टूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं।

### छतीसगढिया स्वाभिमान वापस लौट रहा



ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष कश्यप ने कहा कि छतीसगढ़ में छतीसगढिया स्वाभिमान वापस लौट रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छतीसगढिया तीज त्योहार, संस्कृति को पुनर्जीवित करते हुए हम सबके मन मे गर्व का भाव जगा दिया है। आज हम सबको फिर से पुराने दिन याद आ गए। हमने जो बचपन मे खेल खेला था वो आज फिर से तरोताजा हो गया।

### प्रतियोगिता दलीय व एकल दो श्रेणी में आयोजित

सभापति गायत्री बिरहा ने बताया कि छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय व एकल दो श्रेणी में आयोजित होगी। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्टूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं।

### राजीव युवा मितान क्लब से शुरू होगी प्रतियोगिता

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में सबसे पहले राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर प्रतियोगिता 17 जुलाई से 22 जुलाई तक नॉकआउट पद्धति से होगा । वहीं दूसरा स्तर जोन है, जिसमें 8 राजीव युवा मितान क्लब को मिलाकर एक क्लब होगा । इसका आयोजन 26 जुलाई से 31 जुलाई तक होगा।

### प्रत्येक आयु वर्ग के प्रतिभागी ले सकेंगे हिस्सा

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में आयु वर्ग को तीन वर्गों में बांटा गया है । इसमें प्रथम वर्ग 18 वर्ष की आयु तक, दूसरा वर्ग 18-40 वर्ष आयु सीमा तक और तीसरा वर्ग में 40 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग में प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया जाएगा।

# मनेन्द्रगढ़ विधानसभा के लबरा विधायक के लबरा गोठ...स्थानीय विधायक क्षेत्र मे विफल सत्र के बाद बृहद आंदोलन की तैयारी में भाजपा

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़ 18 जुलाई 2023

(घटती-घटना)।भाजपा कार्यालय बड़ी बाजार मे प्रेस वार्ता सम्पन्न हुआ जिसमे भाजपा के जिलाध्यक्ष ने स्थानीय विधायक की विफलता को प्रेस के सामने रखा तथा प्रदेश सरकार को महज कुछ गिनती के दिन रह गये है और जनता भली भांति समझ चुकी है जिसका प्रमाण विगत दिनों चिरमिरी कोयलांचल क्षेत्र की पावन धरा मे भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा भरस्टाचार की बारात निकाला जिसका आम जनता ने काफी समर्थन दिया तथा मीडिया जगत के बंधुओ ने भी अपने-अपने न्यूज चैनलो व अखबारों मे बढ़ चढ़ कर स्थान दिया, जिसके लिए सभी को धन्यबाद साथ ही जिलाध्यक्ष ने प्रेस वार्ता मे गंभीर आरोप लगा, स्थानीय विधायक को कटघरे मे खड़ा कर दिया वंही क्षेत्र मे युवाओं को रोजगार के नाम पर विधायक के द्वारा सिर्फ अपने चेलों को अवैध कोयला चोरी, सट्टा, जुआ और कबाड़ का रोजगार दिया गया है, वंही शिक्षा के क्षेत्र में विधायक के द्वारा कोई भी अनुकरणीय कार्य न कर केवल लाहिड़ी महाविद्यालय की सारी पुस्तके चोरी करवा दी गई तथा लाईवलीहुड कालेज जो जीवकोपार्जन के लिए इस क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होता जिसे इनके द्वारा बंद करा दिया गया तथा स्थानीय विधायक के द्वारा स्थायित्व के लिए कोई भी पहल नहीं की गयी बल्कि जो खदाने चल रही थी उस पर भी ध्यान नही दिया और इनके संरक्षण में चल रहे कबाड़ चोरो के द्वारा मशीनों और उनके कलपूर्जो को चोरी करवा दिया गया जिससे कई खदाने बंद हो गयी और आज दिनांक तक इनके द्वारा नई खदाने खोलने हेतु कोई सार्थक पहल नहीं किया गया वही कोसो दूर हो गया है। वहीं चिरमिरी क्षेत्र मे एडवेंचर पार्क के नाम से मात्र बोर्ड लगा करके जनता से छलावा किया गया तथा क्षेत्र मे किसानों के विकास के लिए वर्तमान सरकार के द्वारा कोई भी लाभकारी योजना नहीं चलायी गयी है बल्कि गया है । साथ ही आपके सुनहरे भविष्य के नाम पर केवल और केवल अपने परिवार, सगे, सबंधियों का भविष्य बनाया साथ ही स्वेच्छा अनुदान राशि जिनको प्राप्त हुई है वह बधाई के पात्र है तथा विधायक के द्वारा केवल अपने चहेतो को शासन मार्ग के निर्माण के लिए केन्द्र सरकार के द्वारा व प्रदेश सरकार को अपने-अपने हिस्से की राशि 50 प्रतिशत देना था जिसमें से केन्द्र सरकार के द्वारा 50 प्रतिशत की राशि प्रदेश सरकार को दे दी गयी लेकिन विधायक के कार्यकाल महज कुछ दिनों मे लगभग पांच साल होने को है अभी तक इनके द्वारा इस पर कोई पहल नहीं की गयी वहीं प्रदेश सरकार का अंतिम सत्र प्रारम्भ होने को है यदि विधायक महोदय के द्वारा 50 प्रतिशत की राशि का आवंटन प्रदेश सरकार से नहीं कराया जाता है तो सत्र समाप्ति के पश्चात भारतीय जनता पार्टी एवं आम जनता के द्वारा आंदोलन करने हेतु बाध्य होगें ।उक्त प्रेस वार्ता मे भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी,पूर्व बिधायक श्याम बिहारी जायसवाल ,प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रदीप सलूजा, पिछड़ावर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूरन जायसवाल, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती इंदु पनेरिया ,भाजपा के वरिष्ठ नेता रामेश्वर पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती रीता आईच,जिला महामंत्री रामलखन सिंह, जिला मंत्री श्रीमती कमला गड्डेवा,जिला कोसाध्यक्ष मुकेश् जायसवाल, चिरमिरी मंडल अध्यक्ष रघुनंदन यादव, महामंत्री धर्मेंद्र त्रिपाठी,जिला मीडिया प्रभारी संजय गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।




मनेन्द्रगढ़ विधानसभा में भोले भाले युवा बेरोजगारो को उद्योग के नाम पर नये-नये छलावा किये गये जिसका जीता जागता उदाहरण मनेन्द्रगढ़ विधानसभा में देखने को नहीं मिला वहीं पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा मनेन्द्रगढ़ विधानसभा में ग्राम-परसगढ़ी में औद्योगिक पार्क बना कर दिया गया था जिसमें इनके द्वारा आज दिनांक तक किसी भी उद्योग की स्थापना हेतु पहल नहीं की गयी इसी तरह मनेन्द्रगढ़ विधानसभा में पर्यटन के नाम पर किसी भी प्रकार का कोई कार्य नहीं किया गया है जिसकी वजह से मनेन्द्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र का मुख्य पर्यटन क्षेत्र पर्यटन से आम जनता को ठगने एवं अपने लोगो को पुरस्कृत करने का कार्य किया गया साथ ही ग्रामीण क्षेत्रो मे इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है किसानो से 2 रूपये किलो गोबर खरीद कर गुडवत्ता विहीन खाद बना 10/- रूपये किलो के हिसाब से किसानों को बेचा जा रहा है। वही क्षेत्र में बने गौठानों की स्थिति दयनीय हो चुकी है जंहा प्रदेश सरकार के आंकड़े कुछ बताते है और हकीकत कुछ और हैं। और महिलाओं के सम्मान के लिए इस विधायक के द्वारा कोई भी ठोस कार्य नहीं किया गया केवल सम्मान के नाम पर अपनी धर्मपत्नि को महापौर बनाकर सम्मान किया के पैसो से स्वेच्छा अनुदान के नाम से राजनीति चमकाने का कार्य किया गया तथा एक ही परिवार के कई व्यक्ति को दिया गया तथा जिसको जिस क्षेत्र के लिए अनुदान राशि दी गयी वह उसे प्राप्त करने की पात्रता भी नहीं रखते है।

वंही क्षेत्र मे जनता की बहुप्रतीक्षित मांग नागपुर हाल्ट नागपुर-चिरमिरी-पाराडोल रेलमार्ग का भूमिपूजन वर्ष 2018 में केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार के बीच एमयू किया गया। जिससे इस क्षेत्र की समस्त ट्रेनों का ठहराव मनेन्द्रगढ़ मे हो जिससे क्षेत्र का विकास तेज गति से होगा जिसको ध्यान मे रखते वक्त उक्त

# भाजपा खड़गवां मंडल ने 5 सूत्री मांगो पर कार्यवाही को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

-संवाददाता-

खड़गवां 18 जुलाई 2023 (घटती-घटना)। भाजपा खड़गवां मंडल ने तहसीलदार खड़गवां को 5 मांगो कार्यवाही को लेकर ज्ञापन सौंपा है, मांगो पर कार्यवाही नही होने पर 20 जुलाई को जनपद कार्यालय में तालाबंदी और खड़गवां अटल चौक में चक्काजाम कर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।



भाजपा खड़गवां मंडल अध्यक्ष रामलाल साहू ने तहसीलदार खड़गवां को सौंपे गए ज्ञापन में मांग किया है की जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में मनरेगा मजदूरों का मजदूरी भुगतान काफी दिनों से लंबित है जिनका भुगतान दो दिवस के भीतर किया जावे। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा अतिरिक्त खाद्यान्न योजना के तहत 05 किलो प्रति व्यक्ति चावल दिया जाना था, जो पिछले कई माह से हितग्राहियों को नहीं मिल रहा है। जनपद क्षेत्र के उन सभी हितग्राहियों को उनका पिछला बकाया चावल इसी महिने प्रदान किया जावे। वही बीपीएल कार्ड धारकों को भी विगत दो माह से राशन नहीं दिया जा रहा है, उन्हे भी तत्काल राशन प्रदान किया जाए। ग्राम पंचायत मंगोरा के पटपरियापारा में 300 मीटर सीसी सड़क निर्माण किए बगैर उसकी लागत राशि एक साल पहले आहरण कर लिया गया। जिसकी शिकायत किए एक माह बीतने के बाद भी किसी तरह की कार्यवाही नही हुई है, जिस हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा तत्काल दोषियों पर कार्यवाही किया जाए। खड़गवां के स्टोन क्रेशर में एक आदिवासी युवक की मौत हुई, मामले में एफआईआर करने ज्ञापन थाना प्रभारी को सौंपा गया था, जिस पर तत्काल स्टोन क्रेशर संचालक के उपर अपराध कायम हो और मृतक के परिजनों को 10 लाख सहायता राशि प्रदान की जावे। इसके साथ ही ग्राम पंचायत मेरो में मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत 18 लाख की लागत से हाईस्कूल से मुख्य मार्ग सड़क के उपर सड़क निर्माण की जांच कर कार्यवाही तत्काल किया जाएगा। भाजपा खड़गवां मंडल ने ज्ञापन के माध्यम से अपनी उपरोक्त मांगो पर कार्यवाही की मांग की गई है। मांगो के पूरा नहीं होने पर 20 जुलाई दोपहर 12ः00 बजे से सायं 06ः00 बजे तक जनपद में ताला बंदी और अटल चैक में चक्का जाम करने की बात भारतीय जनता पार्टी द्वारा कही गई है।

# सचिव के आभाव में प्रभावित हो रहा शासन की योजनाओं का कार्य

-संवाददाता-

सूरजपुर 18 जुलाई 2023 (घटती-घटना)। ग्राम सचिव के आभाव में प्रभावित होते कार्य से चिंतित ग्राम परशुरामपुर के सरपंच ने जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन देकरसचिव के नियुक्ति हेतु मांग किया है। रामानुजनगर ब्लॉक के ग्राम पंचायत परशुरामपुर के सरपंच लालकेश्वर सिंह सरूता ने जिपंसीईओ लीना कोसम को दिए ज्ञापन में बताया है कि ग्राम पंचायत परशुरापुर में पदस्थ्य सचिव का स्थानान्तरण पतरापाली में कर दियागया है। उनके स्थान में पदस्थ्य किये गये सचिव के पदभार ग्रहण ना करने के कारण स्थानान्तरित सचिव को अतिरिक्त प्रभार के रूप मेंपरशुरामपुर के सचिव का प्रभार प्रदान किया गया है। किन्तु सचिव का वर्तमान पदस्थ पंचायत पतरापाली होने के कारण उनके द्वारा पूर्णरूप में ग्राम पंचायत परशुरामपुर के शासकीय जन कल्याणकारी कार्यों को समय पर पूर्ण करना संभव नहीं हो पाता है। जिस कारणपंचायत में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है। वहीं पंचायत के अन्य कार्य भी प्रभावित हो रहे है।जिसको देखते हुए परशुरामपुर मे स्थायी रूप से सचिव की नियुक्ति करने की मांग की गई है। ताकि पंचायत से संबंधित कार्यों कोसमय पर पूरा कर शासन के द्वारा पंचायत स्तर पर चलाये जा रहे जनकल्याणकारी कार्य समय पर पूर्ण किये जा सके।



# जिला अस्पताल के एम.सी.एच. विंग में जुड़वा बच्चों का हुआ सफल इलाज

-संवाददाता-

सूरजपुर 18 जुलाई 2023 (घटती-घटना)। 30 मई 2023 को नवापाराकला प्रेमनगर के निवासी टेकराम एवं निर्मला के जुड़वा बच्चों को गंभीर स्थिति में एम.सी.एच. विंग जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू (विषेष नवजात देखभाल इकाई) वार्ड में भर्ती किया गया। जिसमें एक बच्चे का वजन 700 ग्राम एवं एवं दूसरे बच्चे का वनज 800 ग्राम था। बच्चों को सांस लेने में काफी परेशानी थी। इसलिए दोनों बच्चों को डॉ. प्रियंक पटेल, शिशु रोग विशेषज्ञ के द्वारा तुरंत एसएनसीयू में भर्ती कर ईलाज प्रारम्भ किया गया। इलाज के उपरांत धीरे-धीरे बच्चों के सांस की परेशानी कम हुई एवं नली के माध्यम से थोड़ी-थोड़ी मात्रा में दूध चालू किया गया। ईलाज के दौरान कई उतार चढ़ाव आये परन्तु एसएनसीयू में कार्यरत सभी स्टॉफ के सहयोग से आज दोनों बच्चो को डेढ़ महीने के प्रयास से स्वस्थ्य होने के बाद आज एसएनसीयू वार्ड से डिस्चार्ज किया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन के मार्गदर्शन जिला चिकित्सालय में इस तरह के सफल इलाज कर रहे हैं, बच्चो के ईलाज में नोडल अधिकारी एसएनसीयू शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंक पटेल सहित एसएनसीयू के समस्त स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# अवैध शराब व 220 किलो महुआ लाहन आबकारी विभाग ने किया जप्त

-संवाददाता-

सूरजपुर 18 जुलाई 2023 (घटती-घटना)। सचिव सह आबकारी आयुक्त जे.पी पाठक एवं प्रबंध संचालक आर.के. मन्डावी के द्वारा दी गई निर्देश के तातम्य में कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसारव जिला आबकारी अधिकारी इन्द्रबली सिंह मारकण्डेय के विशेष मार्गदर्शन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी एवं आबकारी उप निरीक्षक के द्वारा अवैध प्रकरण के विरूद्ध 01 जुलाई से 17 जुलाई तक में 17 प्रकरण दर्ज किया गया तथा 22.140 बल्क लीटर अवैध शराब के साथ 220 किग्रा. महुआ लाहन जप्त किया गया।

# स्वीप अंतर्गत दादर में मतदाताओं को किया गया जागरूक




-संवाददाता-
कोरबा 18 जुलाई 2023

(घटती-घटना)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर संजीव कुमार झा के निर्देशन में जिला नोडल स्वीप मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप के मार्गदर्शन में मनोज खांडे उप जिला निर्वाचन अधिकारी के सहयोग से ग्राम दादर में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। मतदाताओं को बताया गया कि लोकतंत्र के निर्माण में एक-एक वोट का महत्व है। मतदाताओं को अपने अधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। लोगों को ईव्हीएम मशीन और व्हीव्हीपैट के संबंध में जानकारी दी गई। मतदाता जागरूकता अभियान में ग्रामीण जन, स्कूली बच्चें, पालकगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं, प्राचार्य अनिल रात्रे, स्वीप कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सभी ने अच्छे मतदाता बनने का संकल्प लिया।

# दीपका माइंस के वेब्रिज में दुर्घटना से एक कर्मी की मौत



-संवाददाता-
कोरबा 18 जुलाई 2023

(घटती-घटना)। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की मेगा प्रोजेक्ट दीपिका ओपन कास्ट माइंस में मंगलवार को दोपहर हुए हादसे में एक कर्मी की मौत हो गई। मृतक पीएचआईएल( फिल) प्राइवेट लिमिटेड बिलासपुर का नियोजित बताया जा रहा है। पावर सेक्टर में काम से जुड़ी कम्पनी दीपका माइंस से व्यवसाय के आधार पर कोयला प्राप्त करती हैं। बताया गया कि उसके वाहन के साथ कर्मी यहां माइंस के वे-ब्रिज 25 पर आया था तभी हादसे का शिकार हो गया। इस पर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। आनन-फानन में पीड़ित को विभागीय चिकित्सालय गेवरा ले जाया गया, जहां पर चिकित्सक ने परीक्षण के साथ उसकी मृत्यु होने की घोषणा की। मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दिया गया है।



# भाजपा ने बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर विभाग दफ्तर का किया घेराव

-संवाददाता-
कोरबा 18 जुलाई 2023

(घटती-घटना)। कोरबा में बिजली विभाग की लचर व्यवस्था को लेकर भारतीय जनता पार्टी कोरबा विधानसभा द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के तुलसी नगर सब स्टेशन का घेराव किया गया। भाजपाइयों ने लो वोल्टेज और अघोषित बिजली कटौती का जल्द निराकरण किये जाने कि मांग की।भाजपा नेताओं ने प्रदर्शन के दौरान बिजली बिल और जबरन अवैध वसूली को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों पर निशाना साधा। स्ट्रीट लाइट की समस्याओं का निराकरण, व्यवसायिक परिसरों के बिजली कनेक्शन के मरम्मत कार्य सहित बिजली विभाग में लंबित समस्त आवेदनों का निराकरण करने की बात रखी। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, आरपीएस त्यागी, लखन लाल देवांगन, हितानंद अग्रवाल, विकास अग्रवाल, सुफल दास, रितु चौरसिया, वैशाली रतनापरखी, मीना मंजू सिंह, पवन सिन्हा, मनोज मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

CMYK

# राजस्व विभाग आखिर क्यों मेहरबान है अवैध कब्जा धारी भू-माफियों पर

## किसानों की भू-बंटन की जमीनों पर हो रहा है धड़ल्ले से व्यवसायिक भवनों का निर्माण राजस्व विभाग दें रहा है संरक्षण

» निर्माण कार्य पर रोक लगाने हेतु तहसील कार्यालय से दिया गया था स्थगन आदेश

» सूत्रों से मिल रही जानकारी,भू-बंटन भूमि पर दूसरे के कब्जा के आधार से पट्टा भी बनाया जा रहा है

-राजेन्द्र शर्मा-

खड़गवां 18 जुलाई 2023 (घटती-घटना)। खडगवा तहसील मुख्यालय से महज कुछ मीटर की दूरी पर और मुख्य मार्ग पर अवैध कब्जा धारी भू-माफिया की सक्रियता दिनो दिन बढ़ती जा रही है।जिसके कारण आम लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

खड़गवां ग्राम पंचायत में भू-बंटन से प्राप्त भूमि को भी भू माफिया के द्वारा नहीं छोडा जा रहा है उस भू-बंटन भूमि के किसानों को भ्रमित कर उन्हें ब्याज में राशि देकर उन से भूमि की खरीदी बिक्री की लिखा पढ़ी स्टांप पेपर पर दो गवाहों में समाने कर जमीनों की खरीदी बिक्री का खेल बड़े जोरों पर चल रहा है जबकि इसकी जानकारी राजस्व विभाग के अमले को होने के बाद भी इन्हें रोका नहीं जा रहा है। अगर राजस्व इन्हें रोके भी तो राजस्व विभाग कि दुकानदारी बंद हो जाएंगी।

खड़गवां के भू-माफिया रसूख दार होने के कारण इन के द्वारा पूरी दबंगई और पैसे के जोर पर बीस सूत्रीय के तहत भूमिहीन किसानों को उनके जीविकापार्जन के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने बीस सूत्रीय के तहत भूमि-आवंटित किया गया था इस भूमि के आवंटित पटे में स्पष्ट निर्देश भी लिखे गए हैं कि पट्टेदार को उक्त भूमि का उपयोग केवल कृषि प्रयोजनों के लिए ही करेगा वह उक्त भूमि या उसके किसी भाग का उपयोग



किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं करेगा? पटेदार उक्त भूमि या उसके किसी भाग पर स्थायी स्वरूप की कोई संरचना खडी नहीं करेगा किन्तु वह कृषि प्रयोजनों के लिए अस्थायी शेड का निर्माण कर सकेगा? पटेदार भूमि में अपने अधिकार या उसके किसी भाग को बिक्री भेंट बंधक उप-पट्टा या अन्य प्रकार से अंतरित नहीं करेगा और ऐसी प्रत्येक बिक्री भेंट बंधक उप -पट्टा या अन्य प्रकार से किया गया अंतरण निष्प्रभावी होंगा? उसके बाद भी उक्त भूमि पर धड़ल्ले से राजस्व विभाग के अधिकारियों के सामने शासन प्रशासन के बिना अनुमति के धड़ल्ले से कृषि भूमि पर व्यावसायिक भवन तैयार किया जा रहा है जबकि उक्त भूमि पर व्यावसायिक भवन निर्माण पूर्णतः भूमि प्रतिबंधित है।*

उसके बाद भी भूमि माफियाओं के द्वारा भू-आवंटित जमीनों पर अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा है ये रसूखदार भू माफिया भू आवंटन जमीनों को नहीं छोड रहे हैं सडक के किनारे कि भू- आवंटन की जमीनों पर अतिक्रमण धडल्ले से कर लाखों रूपये की लागत से व्यवसायिक भवनों का निर्माण कार्य कर रहे हैं जिसकी क्षेत्र के ग्रामीणों ने कई शिकायतें कि है उसके बाद भी क्षेत्र के रसूखदार होने के कारण राजस्व का प्रशासनिक अमला इनके खिलाफ कोई कार्रवाई करने की जरूरत ही नहीं समझता है या कार्रवाई करना ही नहीं चाहता है। इससे इन भू माफियाओं का मनोबल और बढ़ता जा रहा है।


### भू-मफियों द्वारा भूमि पर व्यावसायिक दुकान का निर्माण किया जा रहा है धड़ल्ले से

इन भू-मफिया के द्वारा भू-बंटन कृषि भूमि पर व्यावसायिक दुकान का निर्माण धड़ल्ले से किया जा रहा है । ये भू - माफिया भू-बंटन कृषि भूमि पर व्यावसायिक दुकान का निर्माण कार्य कृषक का होना बताकर भू-बंटन भूमि पर मकान निर्माण कर रहे हैं।

इस भू-बंटन कि कृषि भूमि पर किसी भी प्रकार का कोई भी निर्माण कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित है उसके बाद भी इस भू-- बंटन कि कृषि भूमि पर कृषक का नाम बिताकर इस व्यवसायिक दुकान का निर्माण कार्य मनिहारी दुकान का संचालक के द्वारा कराया जा रहा है इसके द्वारा खसरा नंबर 424/3 के मालिक से इस भू-बंटन कि कृषि भूमि को पैसे से खरीदा है और कृषक का भवन बना बताकर व्यावसायिक दुकान का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

जबकि इस भू-बंटन कि कृषि भूमि पर कृषक को भी इस कृषि भूमि पर किसी प्रकार को कोई स्थाई निर्माण कार्य नहीं किया जाना है पर यहां पर तो बिना किसी अनुमति के व्यावसायिक दुकान का निर्माण कार्य धड़ल्ले से मुख्यालय में मुख्य मार्ग पर किया जा रहा है।

इस, भू-्बंटन कि कृषि भूमि पर अवैध निर्माण कार्य को समाचार पत्र में प्रकाशित खबर को खड़गवां तहसीलदार ने संज्ञान में लेकर राजस्व निरीक्षक खड़गवां के द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है और उसमें उल्लेख है कि ग्राम खड़गवां में शासन से आवंटित भूमि पर मकान का निर्माण कार्य किया जा रहा है मौके स्थल पर खसरा नंबर 428 रकबा 1.52 हे0 भूमि जमुना प्रसाद आ0 दूधनाथ जयसवाल निवासी खड़गवां को से शासकीय पटा में भूमि प्राप्त हुई है पटेदार जमुना प्रसाद की मृत्यु हो चुकी है जिनके वारिस पुत्र पुत्री पत्नी है उक्त भूमि का आपसी बंटवारा हो चुका है। और भूमि खसरा नंबर 428/3 रकबा 0.31 हे0 के अंश पर पक्का मकान का निर्माण कार्य किया जा रहा है। राजस्व निरीक्षक ने उक्त भूमि शासन द्वारा प्राप्त भूमि है जो कि अनावेदक के पिता को को भू --बंटन के द्वारा कृषि कार्य हेतु प्राप्त हुई हैं कृषि कार्य के भिन्न प्रयोजन हेतु भूमि का उपयोग किया जा रहा है एवं भिन्न प्रयोजन उपयोग हेतु किसी प्रकार का दस्तावेज पेश नहीं है।



न्यायालय तहसीलदार खड़गवां जिला–एम0सी0बी0(छ0ग0)

//स्थगन आदेश//

क्रमांक / 1223 /वाचक/2023 खड़गवां दिनांक 8.06.2023

प्रति

1. रमेश आ0 जमुना प्रसाद जायसवाल निवासी ग्राम खड़गवां

विषय:– अवैध निमार्ण कार्य बन्द करने बावत्।

———0000———

विषयान्तर्गत लेख है कि समाचार पत्र के कतरनों में प्रकाशित खबर के अनुसार राजस्व निरीक्षक खड़गवां के द्वारा प्रतिवेदन दिया है कि ग्राम खड़गवां में शासन से आवंटित भूमि पर मकान निमार्ण कार्य किया जा रहा है। मौके स्थल पर ख.न. 428 रकबा 1.52 हे0 भूमि जमुना प्रसाद आ0 दूधनाथ जायसवाल निवासी खड़गवां को शासन से शासकीय पटटा में भूमि प्राप्त हुआ था। पट्टेदार जमुना प्रसाद की मृत्यु हो चुकी है, जिनके वारिस पुत्र संतोष, रमेश, पुत्री असमानी, रीता तथा पत्नि राधिका हैं। उक्त भूमि का आपसी बटवारा हो चुका है। सभी हिस्सेदार अपने–अपने हिस्से में काबिज कास्त हैं। बटवारे के बाद रमेश आ0 जमुना प्रसाद अपने हिस्से की भूमि ख.न. 428/3 रकबा 0.31 हे0 के अंश भाग 1380 वर्ग फिट भूमि पर पक्का मकान निर्माण किया जा रहा है। उक्त निर्माणरत मकान अन्य व्यक्ति द्वारा निर्माण कार्य किये जाने की सूचना प्राप्त हुई है। राजस्व निरीक्षक से स्थल जांच प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया, प्रतिवेदन के अनुसार भूमिस्वामी द्वारा ही मकान का निमार्ण किया जाना पाया गया किन्तु

### निर्माण कार्य पर रोक लगाने हेतु तहसील कार्यालय से स्थगन आदेश दिया गया था?

इधर राजस्व निरीक्षक खड़गवां के द्वारा तहसील कार्यालय में प्रस्तुत प्रतिवेदन में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि कृषि कार्य के प्रयोजन की भूमि का उपयोग किया जा रहा है भिन्न प्रयोजन उपयोग हेतु किसी प्रकार का कोई दस्तावेज पेश नहीं किया गया है। उसके बाद भी स्थगन आदेश को निरस्त कर भू-बंटन कि कृषि भूमि पर व्यावसायिक दुकान का निर्माण कार्य करा दिया गया है?

भू-आवंटित कृषि भूमि जो किसान को जीविकापार्जन के लिए मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा प्रदान किया गया है। उसे भू-माफियाओं के द्वारा सड़क किनारे की भू आवंटित कृषि भूमि पर कब्जा जमाया जा रहा है जबकि इन सब कार्यो की जानकारी खड़गवां के राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को है उसके बाद भी किसी प्रकार कि कोई रोक टोक कार्य वाही नहीं किया जा रहा है राजस्व अमला इन भू-माफियाओं से भारी भरकम अपनी फीस लेकर सारे खेल कर रहा है अगर इस पर समय रहते रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले समय में तहसील न्यायालय में सिर्फ और सिर्फ भू-आवंटित भूमि के प्रकरणों की भरमर रहेगी और किसान भूमि विहीन होकर न्यायालय के चक्कर काट नजर आयेंगे?

### क्या बताते हैं सूत्र

राजस्व विभाग के सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि भ-बंटन भूमि पर दूसरे के कब्जा के आधार से पट्टा भी बन जा रहा है। जबकि किसान के पास भू-बंटन भूमि का पट्टा है उसके बाद दूसरे कब्जे दार का पट्टा बनाया जा रहा है।

इस तरह गरीब किसानों की जमीनों को बेचा जा रहा है। जी हां, क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन के जमीनों को खरीदने वाले भू-माफियाओं की वजह से जमीन के दाम आसमान छूने लगे हैं। इसकी वजह से गरीब तबके के लोग जमीन खरीदना तो दूर जमीन खरीदने के बारे में सोच नहीं सकते। इस क्षेत्र के रसूखदार भू माफिया इतने सक्रिय है कि जमीन विक्रेताओं के पास पहुंच जाते हैं और रेट पूछने के बाद उसको खरीद लेते हैं। कभी-कभी तो ये भू माफिया जमीन विक्रेताओं को भूमि बेंच देने के लिए विवश करते हैं। उसमें वे मनमाना कमीशन भी ऐंठते हैं। आश्चर्यजनक तो यह है कि यह भू माफिया अपने काम को खुलेआम अंजाम दे रहें हैं। प्रशासनिक अधिकारी उनके समस्त क्रिया कलापों के जानने के बाद भी इनके खिलाफ कोई कार्रवाई न करके चुप्पी साधे हुए हैं। इससे इनका मनोबल और बढ़ता जा रहा है और साधारण सी जमीन का दाम सोने के मूल्य के बराबर हो गया है।

# दबंगों ने शासकीय सड़क मद की भूमि पर बना लिया मकान...राजस्व विभाग खाली करा पाने में असमर्थ!


## क्या दबंगों के चंगुल में है संबंधित विभाग के अधिकारी जो नहीं ले पा रहे फैसला,,..

» आना-जाना हुआ अवरुद्ध शिकायत पर मूकदर्शक बने जिम्मेदार

-ओंकार पाण्डेय-

सूरजपुर 18 जुलाई 2023 (घटती-घटना)। इस समय राजस्व विभाग पर किसी का भी नहीं चल रहा बस...बस है तो सिर्फ भू माफियाओं व दबंगों का... भू-माफिया व दबंग जैसा चाह रहे हैं राजस्व विभाग वैसा चल रहा है, आखिर इस पर कौन लेगा सूध इस बात की चिंता में आज भी लोग काट रहे हैं वर्तमान समय। राजस्व विभाग एक ऐसा विभाग बन चुका है जिस पर न्याय पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन जैसा लगने लगा है, यहां पर न्याय सिर्फ पैसे वालों के लिए ही बचा है, ऐसा अब लगने लगा है कुछ ऐसा ही मामला सूरजपुर जिले के भैयाथान क्षेत्र का है जहां पर शासकीय सड़क मद की भूमि पर एक दबंग ने अपना मकान बना लिया और उस मकान को हटाने के लिए पीड़ित दर दर की ठोकर खा रहा और आवागमन के लिए रास्ता कैसे मिले इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों के पास गुहार लगा रहा है, संबंधित विभाग के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है वह तो दबंगों के इशारे पर चल रहा कई शिकायत के बावजूद न्याय की दरकार है पर न्याय कब मिलेगा इसका तो इंतजार है।

पीड़ित विजेन्द्र कुशवाहा आ0 छवा उर्फ रामबिलास उम्र 45 वर्ष, जाति कोईरी ने राजस्व सचिव छग शासन, नवा रायपुर को शिकायत करते हुए आरोप लगया है की एसडीएम भैयाथान एवं तहसीलदार भैयाथान के द्वारा अनावेदकगण से साठ-गांठ कर शासकीय सड़क मद की भूमि पर मकान बनवा दिया गया एवं कोई कार्यवाही नही की जा रही है ।आवेदक का कहना है की मेरे स्वामित्व व आधिपत्य की पैतृक भूमि ग्राम भैयाथान (हर्रापारा) प.ह.नं.13 रा.नि.मं. व तह. भैयाथान, जिला सूरजपुर (छ.ग.) में ख0नं0 619 / 1 रकबा 0.03 हे. भूमि स्थित है उक्त भूमि से लगी हुई शासकीय सड़क मद की भूमि ख.नं. 847, 425 रकबा 0.25 है. भूमि लगी हुई है। उक्त शासकीय सड़क मद की भूमि से आवेदक एवं अन्य ग्रामवासी का निस्तार होता रहा है किन्तु कुछ वर्षो से अनावेदकगण जबरन कब्जा कर मकान निर्माण किया, मकान निर्माण करने के समय आवेदक तहसील भैयाथान के समक्ष अनावेदकगण शासकीय मद की भूमि पर आहता निर्माण करने व निस्तारी बंद करने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया था जिसका कार्यवाही विलम्ब से करने के कारण मकान निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया, जिसके बाद



तहसील दार के द्वारा हल्का पटवारी से मौका जांच कराया मौका जांच के दौरान हल्का पटवारी ने स्पष्ट रूप से बताया कि अनावेदकगण द्वारा शासकीय सड़क मद की भूमि पर मकान निर्माण का कार्य किया है और निस्तारी बंद कर दिया है जिसके बाद भी तहसीलदार भैयाथान के द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं किया गया। तहसीलदार भैयाथान के द्वारा हल्का पटवारी के प्रतिवेदन के आधार पर स्थगन आदेश खरिज कर दिया जाता है, जबकी अनावेदकगण स्थागन आदेश के बवजूद भी निर्माण कार्य करते रहे जैसे-जैसे अनावेदकगण निर्माण का कार्य करते जा रहे थे वैसे-वैसे ही आवेदक तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को आवेदन पत्र देकर जानकारी से अवगत कराते आए हैं कि अनावेदकगण आपके स्थगन आदेश के बाद भूमि निर्माण का कार्य जारी रखे है और स्थगन आदेश का बार-बार अवहेलना किया है जिसकी जानकारी के पश्चात भी तहसीलदार एवं थाना प्रभारी के द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं किया गया है जबकी हल्का पटवारी के द्वारा कई बार बाद भूमि के संबंध में जांच प्रतिवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है उक्त प्रतिवेदन में शासकीय सड़क मद की भूमि के संबंध में निर्माण किया जाना उल्लेख किया है वर्तमान समय में भी निर्माण के संबंध में हल्का पटवारी ने बेजा कब्जा के संबंध में अपना प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया है जिसके बाद भी तहसीलदार के द्वारा कोई कार्यवही नही किया गया है। बाद भूमि शासकीय सड़क मद की भूमि है, जिस पर ग्राम वासियों एवं मवेशियों का निस्तार होता है उसमे अनावेदकगण द्वारा निरन्तर कब्जा कर उस पर लगातार निर्माण का कार्य जारी रखते हुये कार्य पूरा किया गया है, जिसकी जानकारी तहसीलदार भैयाथान को देने पर वाद भूमि स्थगन तो लगा देते है लेकिन फिर अनावेदकगण से मेल-मिलाप कर स्थगन आदेश निरस्त कर दिया जाता है जिससे अनावेदकगण को बल मिलता है, शासकीय भूमि पर निर्माण का कार्य जारी रखता है। यह कि वाद भूमि शासकीय सड़क मद की भूमि है जिस पर ग्रामवासियों एवं मवेशियों का निस्तार होता है, अनावेदकगण द्वारा निरन्तर निर्माण कार्य करते हुये शासकीय सड़क को पूर्णतः बन्द करते जा रहे है जिस पर तहसीलदार और थाना प्रभारी के द्वारा भी कोई कार्यवाही नही किया जाता है। यदि उक्त शासकीय सड़क मद की भूमि जो आम निस्तार का रास्ते की भूमि है जिसे अनावेदकगण द्वारा बन्द कर दिया गया है जिस कारण ग्रामवासियों व मवेशियों तथा आवेदक को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा जिसकी जानकारी तहसीलदार एवं अनुविभागीय अधिकारी (एस.डी.एम.) भैयाथान को होता रहा है किन्तु उसके विरूद्ध कोई उचित कार्यवाकी किया गया और अनावेदक का साथ दिया जा रहा है। यह कि आवेदक के द्वारा इस विषय पर माननीय कलेक्टर सूरजपुर में समक्ष अवेदन पत्र दिनांक 27.02.2023 को प्रस्तुत किया गया जिसका अभी तक कोई कार्यवाही नही कि गई जिस कारण माननीय मंत्री जी को उचित कार्यवाही हेतु आवेदक अपना फरियाद प्रस्तुत कर रहा है आवेदक उक्त आवेदन पत्र पर तत्काल कार्यवाही करने का निर्देश देते हुये, कब्जा हटाये जाने हेतु आदेश तहसीलदार भैयाथान व अनुविभागीय अधिकारी भैयाथान को दिलाया जाना आवश्यक है। पीड़ित ने छ.ग. शासन के शासकीय सड़क मद के भूमि को जबरन किये गये कब्जा से बेदखली की कार्यवही कराने की माँग करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

### 4 साल से न्याय की गुहार पर न्याय कब?

पीड़ित विजेंद्र कुशवाहा 4 साल से न्याय की गुहार एसडीएम व तहसील कार्यालय में लगा रहा जब दबंगों ने शासकीय मत की भूमि पर कब्जा कर रहे थे तो बार-बर जाकर तहसील कार्यालय शिकायत दर्ज कराता था लेकिन तहसीलदार के कोई कार्यवाही नहीं किया, जब मकान दबंगों ने बना लिया तो स्थगन आदेश लगाकर तहसीलदार तिथि बढ़ाते गए आज 4 साल बीत गए तहसीलदार खुद अतिक्रमण हटाने आदेश बार बार जारी करते हैं, मौके पर पहुंचते हैं लेकिन बिना कब्जा हटाए वापस आ जाते हैं और एक ही बात कहते हैं पुलिस बल नहीं पहुंचा इसलिए हम कार्रवाई नहीं कर पाए, तथा तहसील व एसडीएम कार्यालय में लोगों के न्याय पाने के लिए चप्पल घीस जा रहे हैं पर वही बड़े-बड़े भू माफियाओं के मिनटो में होते हैं काम,जब तहसील कार्यालय का चक्कर काट थक चुका पीड़ित राजस्व सचिव को पत्र लिखकर किया शिकायत अब देखना यह है कि आखिर इस पीड़ति को कब तहसीलदार एसडीएम देते हैं न्याय?

### नवपदस्थ कलेक्टर ने लिया संज्ञान

जब हमारे जिला प्रतिनिधी ने इस समबंध चर्चा कीया तो नवपदस्थ कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा की हमने भैयाथान एसडीएम को कह दिया की ततत्काल कार्य वाही कर मुझे अवगत काराए

# जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी सिंह मराबी ने प्रतापपुर के शिवपुर के अर्धनारीश्वर शिवलिंग में किया रुद्राभिषेक

-संवाददाता-

सूरजपुर 18 जुलाई 2023 (घटती-घटना)। सूरजपुर जिला पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी सिंह मराबी ने प्रतापपुर के शिवपुर में स्थित अर्धनारीश्वर शिवलिंग का पूरे विधि-विधान केसाथ रुद्राभिषेक कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। आयोजन में आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री शिव भजन सिंहमराबी भी शामिल हुए। उन्होंने शिवपुर में अर्धनारीश्वर शिवलिंग के जलाभिषेक के



लिए दूरदराज व आसपास से आने वाले कांवड़ियों वअन्य श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया जहां उन्होंने पूरे दिन भक्तों को खीर का प्रसाद के रूप में वितरण किया। आयोजन मेंकांग्रेस नेता सुमित सोनी जरही, हरि कुशवाहा, अशोक जायसवाल, सुनीता जायसवाल, रामलाल, श्यामलाल, नारायण मराबी, रोशनमराबी आदि सक्रिय रहे ।

## 200 पदों पर सिलाई मशीन प्रशिक्षक की निकली भर्ती




-संवाददाता-

सूरजपुर 18 जुलाई 2023 (घटती-घटना)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के द्वारा 25 जुलाई को जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज में रोजगार मेला सुनिश्चित की गई है। प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से सिलाई मशीन प्रशिक्षक के लिए 200 पदों पर भर्ती होनी है। इन प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन प्रातः 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक जिसमें इच्छुक सभी उम्मीदवार वांछित दस्तावेजों के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकते है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,छ.ग.**

**ईश्तहार**

**रा0प्र0क्र/ 202306021200 / अ-6/ 2022-23**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रकाश कुमार एक्का आ0 रामपाल एक्का, उम्र 37 वर्ष जाति- उरांव, निवासी- गुरूद्वारा वार्ड, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा बताया गया कि अनावेदक/विक्रता श्रीमती तरबिन्दर कौर पति सरदार जसप्रीत सिंह, उम्र-41 वर्ष, जाति-सिक्ख, निवासी-गुरूद्वारा वार्ड नगर अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के स्वामित्व व हक की शीट क्रमांक- 03 मोहल्ला कौवाडांड, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट 1526/3, 1527 रकबा 1415.7, 435.6 वर्गफिट भूमि है। उक्त नजूल प्लॉट 1526/3, 1527 रकबा 1415.7, 435.6 वर्गफिट भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 27.06.2023 के द्वारा अनावेदक /विक्रेता श्रीमती तरविन्दर कौर पति सरदार जसप्रीत सिंह, उम्र-41 वर्ष, जाति-सिक्ख, निवासी गुरूद्वारा वार्ड, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 से मेरे द्वारा क्रय किया गया है। अतः पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 27.06.2023 के आधार पर अपने नाम नामांतरण किये जाने बावत आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109, 110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दाया अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता को माध्यम से दिनांक- 16/ 08/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दाया-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाक- 18/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदुद्रा से जारी।

सील

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला सरगुजा,छ.ग.**

**ईश्तहार**

**रा0प्र0क्र/ 202307021700015 / अ-21/ 2022-23**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोपाल आ0 सुधीर घोष, निवासी ग्राम चठिरमा, तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम चठिरमा स्थित भूमि खसरा नंबर 401/1 रकबा 0.252 हे0 में से 0.034 हे0 भूमि अपने जर्जर भवन के मरम्मत एवं व्यवसाय हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक विकास कुमार गर्ग आ0 स्व0 अनुमान प्रसाद गर्ग, निवासी रिंगरोड नमनाकला अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 को रू0 4,10,000/- (चार लाख दस हजार रूपये) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 18/08/2023 को न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है या सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 14/07/2023 को मेरे न्यायालय के पदमुद्रा से जारी।

सील

नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-02

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा,छ.ग.**

**ईश्तहार**

**रा0प्र0क्र/ 202305021200078 / अ-20(3)/ 2022-23**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामकृष्ण गोयल पिता श्री राजीव अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी चर्च रोड केदारपुर अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की मोहल्ला राममंदिर मैदान नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3196/4813/97 रकबा 0.01 1/3 एकड़ (25×30 वर्ग मीटर) भूमि को अनावेदिका श्रीमती अनीता अग्रवाल पत्नी राजेश अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी नवापारा अम्बिकापुर थाना गांधीनगर तहसील अम्बिकापुर के पास विक्रय करने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जाता है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दाया अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता को माध्यम से दिनांक- 31/ 07/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाक- 26/06/2023 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदुद्रा से जारी।

सील

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**मुख्य शाखा भारतीय स्टेट बैंक अम्बिकापुर**

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम,2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

| ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता | प्रकार / बकाया ऋण | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| अनिल कुमार सिंह मेसर्स यूनाईटेड ड्रीलर्स साक्षरता मार्ग,भठ्ठीरोड,केदारपुर अम्बिकापुर,सरगुजा (छ0ग0 | Cash Credit/Term Loan Term Loan (GECL) / रूपये 65,94,151.92 एनपी तिथि 29/06/2023 | ड्रिलिंग मशीनें,अन्य उपकरण एवं अन्य स्टॉक के साथ-साथ प्लाट भी उपलब्ध प्लॉट खसरा नम्बर-3/14 (पुराना खसरा नम्बर- 3/1) क्षेत्रफल- 17.50 डीसमिल (0.17 1/2 है0), नवापारा,ज्वाहर मार्के ट, सरगुजा क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक के बगल में। |

उपयुक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर मुख्य शाखा भारतीय स्टेट बैंक अम्बिकापुर,सरगुजा (छ0ग0) से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की हैं तथा ऊपर उल्लेखित जमानदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तो का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) नोटिस दिनांकित (ऊपर उल्लेखित अनुसार) ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि (ऊपर उल्लेखित अनुसार) अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात यह प्रकाशन जारी किया रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर (संविदात्मक दर) लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया हैं जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

स्थान :- अम्बिकापुर
दिनांकः- 18/07/2023

**प्राधिकृत अधिकारी**
**मुख्य शाखा भारतीय स्टेट बैंक अम्बिकापुर**

# सिंधू और श्रीकांत कोरिया ओपन में सत्र के पहले खिताब के लिए लगायेंगे जोर

**यूगोस्लाविया, 18 जुलाई 2023।** भारत के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और किदांबी श्रीकांत जब यहां कोरिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में अपना अभियान शुरू करेंगे तो वे अपने प्रदर्शन में निरंतरता लाने के साथ सत्र का पहला खिताब जीतना चाहेंगे। मौजूदा सत्र में छह महीने से ज्यादा निकल गये लेकिन इस दौरान सिंधू कोई खिताब नहीं जीत पायी। वह टखने में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण पांच महीने तक खेल से दूर रही। वापसी के बाद उनके खेल में पहले जैसा पैनापन नहीं दिखा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के फाइनल में पहुंची थी, जो इस सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। वह इसके बाद कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची लेकिन इसके बाद अमेरिका ओपन में क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ सकी। अमेरिका ओपन में वह चीन की गाओ फांग जी से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गयी।

विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर कायम यह खिलाड़ी कोरिया ओपन में चीनी ताइपे की पाई यू पो के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। इस मुकाबले को जीतने के बाद उनके सामने चीन की ओलंपिक चैम्पियन चेन यू फेई की चुनौती हो सकती है। सिंधू के साथ उनके कोच मोहम्मद हाफिज हाशिम भी होंगे। ऑल इंग्लैंड के इस पूर्व चैम्पियन की मौजूदगी में ओलंपिक क्वालीफिकेशन समय के दौरान उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। बैडमिंटन का ओलंपिक क्वालीफिकेशन समय अगले साल अप्रैल में खत्म होगा। विश्व चैम्पियनशिप (2021) के पूर्व कांस्य पदक विजेता श्रीकांत के प्रदर्शन में भी इस सत्र में निरंतरतता की कमी दिखी है। वह स्पेन मास्टर्स, मलेशिया मास्टर्स और इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर



फाइनल में ही पहुंचे सके। विश्व रैंकिंग के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत इंडोनेशिया के अपने कोच विएम्पी महार्डी की देखरेख में अभ्यास कर रहे हैं। वह अपने अभियान की शुरुआत जापान के दिग्गज केंटो मोमोटा के खिलाफ करेंगे।

सिंधू और श्रीकांत जहां सत्र में खिताबी सूखा खत्म करना चाहेंगे तो वहीं लक्ष्य सेन और एच एस प्रणय की नजरें सत्र के दूसरे खिताब पर होगी। लक्ष्य ने कनाडा जबकि प्रणय ने मलेशिया में खिताब जीता है और दोनों अपनी लय को जारी रखना चाहेंगे। अमेरिकी ओपन में सेमीफाइनल में पहुंचे सेन डेनमार्क के पूर्व विश्व नंबर दो एंडर्स एंटोनसेन से भिड़ेंगे। पांचवीं वरीयता प्राप्त प्रणय साथी भारतीय समीर वर्मा से भिड़ेंगे। टूर्नामेंट में सभी की निगाहें इंडोनेशिया ओपन चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर भी होंगी जब वे पुरुष युगल में थाईलैंड के सुपाक जोमकोह और किटिनुपोंग केड्रेन के खिलाफ कोर्ट में उतरेंगे। पुरुष एकल ड्रा में ऑरलियन्स मास्टर्स चैंपियन प्रियांशु राजावत, राष्ट्रीय चैंपियन मिथुन मंजूनाथ और 2022 ओडिशा ओपन विजेता किरण जॉर्ज भी होंगे। महिला एकल में आकर्षी कश्यप और मालविका बंसोड़ को क्रमशः चीन की झांग यी मान और ओलंपिक रजत पदक विजेता ताई जू यिंग के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। पुरुष युगल में कृष्ण प्रसाद गारगा एवं विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला और एमआर अर्जुन एवं ध्रुव कपिला की पुरुष युगल जोड़ी भी मैदान में हैं। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी बुल्गारिया की गैब्रिएला स्टोएवा और स्टेफनी स्टोएवा की बहनों की जोड़ी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करेंगी। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा तथा पांडा बहनों रुतपर्णा और स्वेतापर्णा से भी इस सप्ताह कुछ अच्छे परिणाम की उम्मीद होगी। मिश्रित युगल प्रतियोगिता में एन सिक्की रेड्डी और अश्विनी भी अपने-अपने जोड़ीदार रोहन कपूर और बी सुमित रेड्डी के साथ चुनौती पेश करेंगे।

## अर्चना ने सुथासिनी को हराकर उलटफेर किया

**» पुनेरी पलटन ने दर्ज की सत्र की पहली जीत**

**पुणे, 18 जुलाई 2023।** विश्व रैंकिंग में 159वें स्थान पर काबिज अर्चना कामथ ने एक रोमांचक मुकाबले में रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज गोवा चैलेंजर्स की सुथासिनी सॉवेटाबट शिकस्त दी जिससे पुनेरी पलटन टेबल टेनिस ने यहां अल्टीमेट टेबल टेनिस के चौथे सत्र में अपनी



पहली जीत दर्ज की। पुनेरी पलटन ने इस मुकाबले में गोवा चैलेंजर्स को 8-7 से हराया। कर्नाटक की खिलाड़ी अर्चना ने जब दोनों टीमों का स्कोर 6-6 की बराबरी पर था तब शुरुआती दो गेम जीत 11-6, 11-8 से अपने नाम कर पुणे की जीत सुनिश्चित की। वह तीसरा गेम 6-11 से हार गईं।

हरमीत ने पहले मुकाबले (पुरुष एकल) में मानुष शाह को 11-10, 11-9, 11-10 से हरा कर गोवा चैलेंजर्स को 3-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे मैच (महिला एकल) में रीथ टेनिसन ने हाना माटेलोवा को 2-1 (11-3, 10-11, 3-11) से हराकर गोवा चैलेंजर्स की बढ़त 5-1 कर दी। मानुष और हाना की मिश्रित एकल जोड़ी ने तीसरे मैच को 3-0 से जीता जिससे पुणे ने वापसी कर स्कोर 4-5 कर दिया। दुनिया के 23वें नंबर के खिलाड़ी उमर अस्सर ने पुरुष एकल का मुकाबला 2-1 से जीतकरस्कोर 6-6 कर दिया। उन्होंने के अल्वारो रोबल्स को 10-11, 11-5, 11-9 से शिकस्त दी।

## अनुमानित खर्चों में इजाफे के कारण ऑस्ट्रेलिया का विक्टोरिया 2026 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से हटा

**मेलबर्न, 18 जुलाई 2023।** ऑस्ट्रेलिया का विक्टोरिया राज्य अनुमानित खर्चों में इजाफे के कारण 2026 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से हट गया है। विक्टोरिया के प्रधानमंत्री डेनियल एंड्रयूज ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार पिछले साल इस बहु खेल प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए सहमत हुई थी 'लेकिन किसी भी कीमत पर नहीं'।



एंड्रयूज ने कहा कि उनकी सरकार ने शुरुआत में पांच शहरों में खेलों के आयोजन के लिए दो अरब 60 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (एक अरब 80 करोड़ अमेरिकी डॉलर) का बजट रखा था लेकिन हाल के अनुमानों के अनुसार संभावित लागत सात अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (चार अरब 80 करोड़ अमेरिकी डॉलर) तक पहुंच गई है। एंड्रयूज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्होंने मेजबानी अनुबंध से हटने के अपनी सरकार के फैसले के बारे में राष्ट्रमंडल खेल आयोजकों को सूचित कर दिया है। एंड्रयूज ने कहा, ''आज का दिन उन खर्चों के अनुमानों में गलती ढूंढने के बारे में नहीं है। 12 दिवसीय खेल आयोजन के लिए छह से सात अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर, हम ऐसा नहीं कर रहे हैं- इस पैसे को खर्चने का कोई फायदा नजर नहीं आता, यह सिर्फ खर्चा है और कोई फायदा नहीं।'' राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने एक बयान जारी कर कहा कि वे अपने विकल्पों पर सलाह ले रहे हैं।

सीजीएफ ने कहा कि अनुमानित लागत में वृद्धि मुख्य रूप से क्षेत्रीय, बहु-शहर मेजबान मॉडल और विक्टोरिया सरकार के आयोजन स्थलों की योजना में बदलाव और अधिक खेलों को शामिल करने के फैसले के कारण हुई। सीजीएफ के बयान में कहा गया, ''हम निराश हैं कि हमें केवल आठ घंटे का नोटिस दिया गया और सरकार के इस निर्णय पर पहुंचने से पहले संयुक्त रूप से समाधान खोजने के लिए स्थिति पर चर्चा करने पर कोई विचार नहीं किया गया।'' वर्ष 2026 के खेल 17 से 29 तक गिलॉन्ग, बेंडिगो, बल्लारत, गिप्सलैंड और शेपार्टन में होने थे।

## वेस्टइंडीज ने रीफर की जगह ऑलराउंडर केविन सिंक्लेयर को टीम में जगह दी

**पोर्ट ऑफ स्पेन, 18 जुलाई 2023।** वेस्टइंडीज ने गुरुवार से यहां भारत के खिलाफ शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट के लिए स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर केविन सिंक्लेयर को बल्लेबाजी ऑलराउंडर रेमन रीफर की जगह टीम में शामिल किया है। वेस्टइंडीज के लिए सात एकदिवसीय और छह टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले सिंक्लेयर को टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण का इंतजार है। डोमिनिका में भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में पारी के अंतर से हार के बाद वेस्टइंडीज ने सिंक्लेयर को रीफर की जगह शामिल करके टीम में एकमात्र बदलाव किया है। रीफर हालांकि चोटिल खिलाड़ी के कवर के रूप में टीम के साथ रहेंगे

सिंक्लेयर इसी साल बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में वेस्टइंडीज ए के सबसे सफल गेंदबाज रहे थे। वह जिंबाब्वे में आईसीसी विश्व कप क्वालीफायर के लिए भी वेस्टइंडीज की टीम का हिस्सा थे। वेस्टइंडीज की टीम भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही है। पहले टेस्ट के दौरान छाती के संक्रमण से परेशान रहे ऑफ स्पिनर राहकीम कोर्नवाल को टीम में बरकरार रखा गया है। यह देखना होगा कि पहले टेस्ट में स्पिन की अनुकूल पिच के बाद वेस्टइंडीज दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए किस तरह की पिच तैयार करता है। रविचंद्रन अश्विन ने पहले टेस्ट में स्पिन का जादू चलाते हुए मैच में 12 विकेट चटकाए जबकि रविंद्र जडेजा ने पांच विकेट हासिल किए जिससे मैच तीन दिन के भीतर खत्म हो गया। यह मैच भारत और वेस्टइंडीज के बीच 100वां टेस्ट भी होगा। दूसरे टेस्ट के लिए वेस्टइंडीज की टीम- क्रेग ब्रेथवेट (कप्तान), जर्मेन ब्लैकवुड, एलिक अथानाजे, तेजनारायण चंद्रपॉल, रहकीम कोर्नवाल, जोशुआ डा सिल्वा, शेनन गैब्रियल, जेसन होल्डर, अल्जारी जोसेफ, किर्क मैकेंजी, केविन सिंक्लेयर, केमर रोच और जोमेल वारिकन।

## महिला फीफा विश्व कप 2023 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी 32 टीमें

**मेलबर्न, 18 जुलाई 2023।** फीफा महिला विश्व कप 2023 का आयोजन ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में किया जाना है। ये पहला मौका है जब फीफा महिला विश्व कप का आयोजन सह मेजबानी में किया जाएगा। इस टूर्नामेंट की शुरुआत इस वर्ष 20 जुलाई से होने वाली है। इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सिडनी के एकोर स्टेडियम में 20 अगस्त को खेला जाएगा।



वर्तमान में संयुक्त राज्य अमेरिका मौजूदा फीफा महिला विश्व कप चैंपियन है। इस बार अमेरिका की टीम की कोशिश होगी की लगातार तीन बार टूर्नामेंट में खिताब पर कब्जा करे और इतिहास रच दे। अबतक लगातार तीन बार कोई टीम फीफा विश्व कप खिताब नहीं जीत सकी है। फीफा महिला विश्व कप 2023 में 32 टीमें होंगी। पिछली बार टूर्नामेंट में 24 टीमों ने हिस्सा लिया था जबकि इस बार आठ अधिक टीमें हिस्सा लेंगी। बता दें कि इस बार फीफा विश्व कप के लिए टीमों को आठ ग्रुप में बांटा गया है।

ये हैं सभी ग्रुप

ग्रुप एः न्यूजीलैंड, नॉर्वे, फिलीपींस, स्विट्जरलैंड
ग्रुप बीः ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, नाइजीरिया, कनाडा
ग्रुप सीः कोस्टा रिका, जापान, स्पेन, जाम्बिया
ग्रुप डीः इंग्लैंड, हैती, डेनमार्क, चीन
ग्रुप ईः यूएसए, वियतनाम, नीदरलैंड, पुर्तगाल
ग्रुप एफः फ्रांस, जमैका, ब्राजील, पनामा
ग्रुप जीः स्वीडन, दक्षिण अफ्रीका, इटली, अर्जेंटीना
ग्रुप एचः जर्मनी, मोरक्को, कोलंबिया, दक्षिण कोरिया

बता दें कि फीफा महिला विश्व कप 2023 के लिए ग्रूप चरण के मुकाबले 20 जुलाई से शुरू होंगे। ये मुकाबले तीन अगस्त तक जारी रहेंगे। इसके बाद 16वां राउंड 5 अगस्त से शुरू होगा। फीफा महिला विश्व कप 2023 के क्वार्टरफाइनल मुकाबले 11 अगस्त से शुरू होंगे। पहला और दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला 11 अगस्त को होगा। वहीं तीसरा और चौथा क्वार्टर फाइनल मुकाबला 12 अगस्त को खेला जाएगा।

इसके बाद क्वार्टरफाइनल मुकाबले जीतने वाली टीमों के बीच सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। पहला सेमीफाइनल मुकाबला 15 अगस्त को होगा। दूसरा सेमीफाइनल 16 अगस्त को खेला जाएगा। दोनों टीमों की विजेता टीमों के बीच 20 अगस्त को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। वहीं तीसरे स्थान के लिए सेमीफाइनल हारने वाली टीमों के बीच मैच होगा। ये मुकाबला 19 अगस्त को खेला जाएगा।

## हमें दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए रहाणे जैसे खिलाड़ी की जरूरतः राठौड़

**नई दिल्ली, 18 जुलाई 2023।** बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ का मानना है कि आश्वस्त होकर खेलना अजिंक्य रहाणे की वापसी का अहम पहलू रहा है और भारतीय टीम को उम्मीद है कि वह इस साल होने वाले दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान अपनी फॉर्म बरकरार रखेंगे। पिछले महीने लंदन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में भारत की हार के दौरान रहाणे की 89 और 46 रन की पारियां भारत के लिए एकमात्र सकारात्मक पक्ष रहा। यह रहाणे का 18 महीने में पहला टेस्ट था और इसके बाद उन्हें वेस्टइंडीज के मौजूदा दौरे के लिए उप कप्तान नियुक्त किया गया। यह 35 वर्षीय बल्लेबाज हालांकि यहां पहले टेस्ट में सस्ते में आउट हो गया और पोर्ट ऑफ स्पेन में 20 जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में इसकी भरपाई करने की कोशिश करेगा। रहाणे की वापसी पर राठौड़ ने कहा, ''वह डब्ल्यूटीसी फाइनल में काफी अच्छा खेला। वह हमेशा से अच्छा खिलाड़ी रहा है।

उसे खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर किया गया था। जब बात तकनीक की आती है तो आप लगातार इस पर काम करते हो लेकिन मेरे लिए महत्वपूर्ण यह है कि उसका रवैया काफी शांत था।'' उन्होंने कहा, ''वह देर से और शरीर के करीब शॉट खेल रहा है। वापसी के बाद से यह सबसे महत्वपूर्ण चीज रही है। वह नेट पर अब भी इसी तरह बल्लेबाजी कर रहा है। हमें उम्मीद है कि वह अच्छा प्रदर्शन करेगा। दक्षिण अफ्रीका के हालात में आपको जरूरत है कि उसकी तरह का कोई खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करे।'' भारत अपनी अगली टेस्ट श्रृंखला दिसंबर-जनवरी में दक्षिण अफ्रीका में खेलेगा। राठौड़ अपने पहले टेस्ट में युवा यशस्वी जायसवाल के प्रदर्शन से बेहद प्रभावित दिखे। जायसवाल ने 171



रन की पारी खेलकर भारत की जीत की नींव रखी। उन्होंने कहा, ''मैं पहले चयनकर्ता भी रह चुका हूं इसलिए जब भी आप किसी खिलाड़ी को चुनें तो आपको उसे इस इरादे से चुनना चाहिए कि वह अगले 10 वर्षों तक भारत के लिए खेलेगा। उसमें निश्चित रूप से क्षमता है।''

राठौड़ ने कहा, ''हालांकि मैंने यशस्वी के साथ पहले काम नहीं किया है। मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि मैंने उसे आईपीएल में रन बनाते हुए देखा था। आपने देखा होगा कि वह कितना गतिशील बल्लेबाज है। वह किस तरह का स्ट्रोक खेलने वाला खिलाड़ी है। लेकिन वह टीम की स्थिति के अनुसार खेल को बदलने में भी सफल रहा।'' भारत के बल्लेबाजी कोच ने कहा, ''दूसरे दिन उसने लंच से पहले 90 गेंदों पर लगभग 20 रन बनाए। मुझे लगता है कि मेरे लिए यह पारी का मुख्य आकर्षण था। कोई ऐसा व्यक्ति जो ऐसा करने में सक्षम है, जो अपने चरित्र, अपने सामान्य खेल के विपरीत खेल सकता है, उस चरण से निकलना और फिर रन बनाना, यह देखना शानदार था।'' तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद शुभमन गिल पहले टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके।

लेकिन राठौड़ ने कहा कि गिल को अपने नए बल्लेबाजी क्रम में खुद को साबित करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। उन्होंने कहा, ''उसमें बहुत क्षमता है और वह अन्य प्रारूपों में भी उस क्षमता तक पहुंचा है। उसने टेस्ट क्रिकेट में भी रन बनाए हैं। कभी-कभी किसी विशिष्ट प्रारूप में थोड़ा समय लग सकता है और वह समय ले रहा है। उसके पास वह समय है।'' राठौड़ ने कहा, ''वह समय ले रहा है लेकिन अच्छी बात यह है कि उसकी मेहनत में कोई कमी नहीं है। वह चीजों पर काम कर रहा है। क्षमता के साथ-साथ उसके पास धैर्य भी है जो किसी को बड़ा खिलाड़ी बनाता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह लंबे समय तक तीनों प्रारूप में खेलेगा।

## वर्ल्ड कप 2023 की तैयारियों में जुटे चीफ सिलेक्टर अजित आगरकर

**» वेस्टइंडीज के लिए होंगे रवाना,**

**» राहुल द्रविड-रोहित शर्मा से करेंगे चर्चा**

**नई दिल्ली, 18 जुलाई 2023।** आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 को शुरू होने में काफी कम समय शेष बचा है। वर्ल्ड कप से पहले अब भारतीय टीम के चयन को लेकर भी तैयारियां शुरू हो गई है। भारत में 5 अक्टूबर से वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत होगी। भारत का पहला मैच आठ अक्टबूर को ऑस्ट्रेलिया के साथ होना है।



इस विश्व कप को लेकर अब भारतीय टीम का चयन होने की तैयारियां होने लगी है। बीसीसीआई का मैनेजमेंट अब विश्व कप के लिए कौन से खिलाड़ियों का चयन कर टीम बनाएगा। इस सिलसिले में अब बीसीसीआई के चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर वेस्ट इंडीज के लिए रवाना होने वाले है। कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ के साथ मिलकर अजित अगरकर इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे। माना जा रहा है कि विश्व कप के लिए 20 सदस्यों की टीम फाइनल की जाएगी। इस सिलसिले में चर्चा करने के लिए भारत और वेस्टइंडीज के बीच वनडे सीरीज से पहले ही चर्चा की जाएगी। इसके लिए अजित अगरकर खुद वेस्टइंडीज जा रहे हैं जहां वो सदस्यों के चयन को लेकर चर्चा करेंगे।

इस संबंध में खबर के मुताबिक व्हाइट बॉल सीरीज की शुरुआत से पहले ही अजीत अगरकर टीम से जुड़ेंगे और फिर विश्व कप को लेकर भी चर्चा होगी। गौरतलब है कि आने वाले दिनों में विश्व कप को लेकर कई तरह की चर्चाएं बीसीसीआी में होने वाली है। बता दें कि बीसीसीआई ने आईसीसी विश्व कप से पहले एशियन गेम्स के लिए टीम का चयन कर उसका ऐलान कर दिया है।

## शरमन जोशी और साहिल खान दो दशक बाद फिर आए साथ

बॉलीवुड अभिनेता शरमन जोशी और साहिल खान ने अपनी शानदार कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते हैं। दोनों स्टाइल (2001) और इसके सीक्वल एक्सक्यूज मी (2003) में साथ नजर आए थे, जिसमें उनके अभिनय ने दर्शकों को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया। अब लगभग 2 दशक के बाद यह धमाकेदार जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार है। शरमान और साहिल जल्द एक फिल्म में नजर आएंगे, जिससे नई अभिनेत्री को लॉन्च किया जाएगा।



ट्रेड एक्सपर्ट तरण आदर्श ने ट्विटर पर पोस्ट साझा कर फिल्म के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने लिखा कि इस फिल्म का निर्देशन सैम खान कर रहे हैं, जिन्होंने इसकी कहानी भी लिखी है, वहीं पटकथा और संवाद मिलाप जावेरी ने लिखे हैं। हितेश खुशलानी द्वारा निर्मित और भुवि खुशलानी, जफर मेहंदी और ईशान दत्ता द्वारा सह-निर्मित फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। कहा जा रहा है कि इसकी शूटिंग बड़े पैमाने पर अबू धाबी में होगी।

शरमान ने कहा, साहिल और मैंने पहले जो फिल्में की उनमें स्क्रीन पर हमारे बीच की केमिस्ट्री को काफी सराहना मिली है। वह हमारी पहली व्यावसायिक हिट थी, जिसे देखकर ही राजकुमार हिरानी ने मुझे 3 इडियट्स के लिए कास्ट किया था। साहिल ने कहा, सैम को मैं काफी समय से जानता हूं और उनके साथ काम करने के लिए बेहद खुश हूं। यह फिल्म मुझे और शरमन को एक बार फिर साथ लाई है। वह एक शानदार अभिनेता हैं।

फिल्म के बारे में लेखक मिलाप ने कहा, फिल्म पूरी तरह से मनोरंजक होगी। इसमें दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखने के लिए सभी तत्व मौजूद होंगे।

इसके अलावा निर्माता हितेश शरमन और साहिल को फिर से बड़े पर्दे पर साथ लाने के लिए खुश हैं। उनका कहना है कि शरमन की कॉमिक टाइमिंग बहुत अच्छी है तो साहिल का सेंस ऑफ ह्यूमर स्वाभाविक है। ऐसे में वे दोनों फिल्म को दर्शकों के लिए और भी शानदार बना देंगे। शरमन हाल ही में मोना सिंह के साथ वेब सीरीज कफस में नजर आए हैं। इसके अलावा उनकी फिल्म म्यूजिकल स्कूल मई में रिलीज हुई थी। साहिल की बात करें तो वह काफी समय से फिल्मी पर्दे से दूरी बनाए हुए हैं और अपना बिजनेस संभाल रहे हैं। वह आखिरी बार 2010 में आई फिल्म रामाः द सेवियर में नजर आए थे और अब वह इस फिल्म के साथ अभिनय की दुनिया में वापसी के लिए तैयार हैं।

## समुद्र किनारे बाहों में बाहें डालकर पोज दे रहे विक्की-कैटरीना

बॉलीवुड एक्ट्रेस कटरीना कैफ ने अपना 40वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। इस मौके पर विक्की कौशल ने एक पोस्ट शेयर की और लिखा कि वह हर दिन उनके जादू से आश्चर्यचकित हैं।



विक्की ने इंस्टाग्राम पर अपनी पत्नी कैटरीना को बर्थडे विश किया और तस्वीरें साझा कीं, जहां उन्हें और कैटरीना को समुद्र के किनारे रोमांटिक पल बिताते देखा जा सकता है।

दोनों एक-दूसरे की आंखों में देखते हुए पोज देते नजर आए।

एक्टर ने कैप्शन दिया, तुम्हारे जादू से आश्चर्यचकित हूं...हर दिन। जन्मदिन मुबारक हो माइ लव!

विक्की के भाई सनी कौशल ने उनके जन्मदिन की खूबसूरत तस्वीरें देखने के बाद कमेंट में तीन हार्ट इमोजी भेजे।

विक्की और कैटरीना ने दिसंबर 2021 में राजस्थान में शादी की और बाद में मुंबई में एक रिसेप्शन का आयोजन किया।

काम के मोर्चे पर, कैटरीना टाइगर फ्रेंचाइजी की तीसरी इंस्टॉलमेंट की तैयारी कर रही हैं, जो इस साल दीवाली पर रिलीज होने वाली है। वह श्रीराम राघवन की मैरी क्रिसमस और जी ले जरा में भी दिखाई देंगी।

विक्की मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित सैम बहादुर में नजर आएंगे।

## 200 करोड़ रुपये में बिके प्रभास की फिल्म के ओटीटी राइट्स

इंडियन सुपरस्टार प्रभास की अपकमिंग फिल्म सालार को लेकर इन दिनों खासा बज है। सुपरस्टार प्रभास और श्रुति हासन स्टारर केजीएफ फेम निर्देशक प्रशांत नील की इस फिल्म से फैंस को भारी उम्मीदे हैं। यही वजह है कि फिल्म से जुड़ी हर छोटी से बड़ी बात सेंसेशन बन जाती है। अब हाल ही में इस फिल्म को लेकर एक बड़ी दिलचस्प जानकारी सामने आई है। खबर है कि मेकर्स ने फिल्म के ओटीटी राइट्स एक मोटी रकम में बेचे हैं। जिससे जानने के बाद लोग सुपरस्टार प्रभास




के स्टारडम की दाद देते दिखे। मिली जानकारी के मुताबिक सालार के पोस्ट रिलीज ओटीटी राइट्स को निर्माताओं ने 200 करोड़ रुपये की बड़ी डील के साथ बेचा है। अभी साफ नहीं है कि ये रकम सभी भाषाओं की ओटीटी रिलीज के लिए है। या फिर किसी एक भाषा की ओटीटी रिलीज को लेकर है। इतना ही नहीं, फिलहाल ये भी साफ नहीं हुआ है कि ये मोटी डील किस ओटीटी प्लेटफॉर्म ने क्रैक की है। फिलहाल सिर्फ यही जानकारी सामने आई है कि इस फिल्म की ओटीटी रिलीज के अधिकार 200 करोड़ रुपये में बिके हैं।बता दें कि सुपरस्टार प्रभास और श्रुति हासन स्टारर फिल्म सालार का धांसू टीजर निर्माताओं ने कुछ दिनों पहले ही जारी किया था। जिसने रिलीज के महज 24 घंटे के अंदर ही 82 मिलियन व्यूज का बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया था। इस फिल्म के टीजर को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद अब निर्माताओं की नजर फिल्म के बॉक्स ऑफिस कारोबार पर टिकी है। इससे पहले अभी तक फिल्म का टीजर यूट्यूब पर 117 मिलियन व्यूज के आंकड़े को पार कर चुका है। जो एक बड़ी बात है।

# फिर गरमाया फर्जी जाति का मामला

## विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन ही नाराज एससीएसटी युवाओं का नग्न प्रदर्शन

**» चेतावनी के बाद भी पुलिस और खुफिया तंत्र की नाकामी से विपक्षियों को मिला मुद्दा**

**रायपुर, 18 जुलाई 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र का पहल दिन शासन की छवि को प्रभावित करने वाले प्रदर्शन से हुआ। फर्जी जाति मामले में कार्यवाही की मांग को लेकर अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के युवा पूर्ण नग्न प्रदर्शन मंगलवार की सुबह किये। छत्तीसगढ़ विधानसभा के सामने 18 जुलाई को प्रदेशभर के 100 से अधिक युवाओं ने नग्न प्रदर्शन की चेतावनी पूर्व में दे दिया था। बावजूद इसके रायपुर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल और रायपुर शहर के आईजी अजय यादव ने इससे निपटने की तैयारी नहीं कर पाए थे। बता दें कि सरकारी फरमान के बावजूद तीन वर्ष बाद भी कार्यवाही नहीं की गई है।

शिकायतों की जांच करने उच्च स्तरीय जाति छानबींन समिति का गठन किया था। समिति को वर्ष 2000 से लेकर 2020 तक के कुल 758 प्रकरण मिले जिसमें से 659 प्रकरणों में जांच की गई इसमें 267 प्रकरणों में जाति प्रमाण पत्र फर्जी पाये गए। सरकार की त्वरित कार्यवाही से खुश रहने वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवा अब सरकार से नाराज है। मसलन जिस फर्जी जाति प्रकरणों की जाचं सरकार ने करवाई उसमें पाये गए दोषियों




के खिलाफ सरकारी फरमान के बावजूद तीन वर्ष बाद भी कार्यवाही नहीं की गई वहीं फर्जी जाति प्रमाण पत्र धारकों को महत्वपूर्ण पदों में व प्रमोशन दिया जा रहा है।

प्रदर्शन को रोकने से चुके रायपुर शहर और ग्रामीण के आईजी भी नाकाम रहे। रायपुर में अभी एसएसपी पद पर प्रशांत अग्रवाल हैं और आईजी शहर अजय यादव हैं। जबकि रेंज का दायित्व शेख आरिफ हुसैन के पास हैं। मतलब रायपुर में 1 डीआआईजी और 2 आईजी रैंक के अलावा आधा दर्जन आईपीएस और पीएससी अधिकारी भी प्रदर्शनकारी युवकों को समझ नहीं पाए। पुलिस के चौकन्ना होने से पहले ही सभी युवक एकत्र हुए और विधानसभा के सबसे व्यस्त मार्ग पर नंगे होकर दौड़ लगते हुए नारेबाजी किये। पुलिस जब तक साझ पाती तब तक प्रदर्शनकारी अपने उद्देश्यों में कामयाब हो गए और आज की सुर्खियां भी युवक छाए रहे।

### सभी 11 नग्न प्रदर्शनकारी थाना दाखिल

सरकार से नाराज युवाओं ने कपड़े उतारे और विधानसभा ब्रिज के पास सरेआम दौड़ लगा दी। फर्जी जाति प्रमाणपत्र के आधार पर जो नौकरी कर रहे और उन्हें नहीं हटाया जा रहा। इसके खिलाफ 11 युवकों ने कपड़े उतारकर विधानसभा मार्ग मे ऐन विधानसभा सत्र के पहले दिन दौड़ लगाई। गिरफ्तार कर मंदिर हसौद थाना लेकर गए है। जानकारी के मुताबिक इनमे संजीत बर्मन ,मनीष गायकवाड समेत कुल 11 लोगों को अरेस्ट कर थाना मंदिर हसौद ले जाया गया।

### 758 में 659 केस की जांच, 267 फर्जी मिले

छत्तीसगढ़ सरकार ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए फर्जी जाति प्रमाण पत्र के शिकायतों की जांच करने उच्च स्तरीय जाति छानबींन समिति का गठन किया। समिति को वर्ष 2000 से लेकर 2020 तक के कुल 758 प्रकरण मिले जिसमें से 659 प्रकरणों में जांच की गई इसमें 267 प्रकरणों में जाति प्रमाण पत्र फर्जी पाये गए। सरकार के कार्यवाही से खुश रहने वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवा अब सरकार से नाराज है, मसलन जिस फर्जी जाति प्रकरणों की जाचं सरकार ने करवाई उसमें पाये गए दोषियों के खिलाफ सरकारी फरमान के बावजूद तीन वर्ष बाद भी कार्यवाही नहीं की गई वहीं फर्जी जाति प्रमाण पत्र धारकों को महत्वपूर्ण पदों में व प्रमोशन दिया जा रहा है।

### हैं जनरल, कोटे से बन बैठे अफसर से लेकर चपरासी

छत्तीसगढ़ के लगभग सभी सरकारी विभागो में फर्जी जाति प्रमाण पत्र के प्रकरण पाये गए है। इसमें सबसे अधिक खेल एवं युवा कल्याण विभाग में 44 मामले है वहीं भिलाई स्पात संयंत्र में 18 तथा सामान्य प्रशासन विभाग एवं कृषि विभाग में 14-14 प्रकरण है। इस तरह प्रत्येक विभाग में फर्जी जाति प्रमाण पत्र के मामले है। जिसकी जांच पूरी होने एवं कार्यवाही के सरकारी आदेश के बाद भी कोई एक्शन नहीं लिया गया है।

### निर्वस्त्र युवकों की टोली ने कहा

अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के युवा नेतृत्वकर्ता विनय कौशल है

जांच रिपोर्ट के बावजूद तीन वर्ष बाद भी कार्यवाही नहीं की गई

नाराज़ एससीएसटी युवा 16 मई कों आमरण अनशन भी किया थे

फर्जी जाति प्रमाणपत्र वालों को महत्वपूर्ण पद-प्रमोशन भी मिला है

10 दिनों तक भूखे रहकर आंदोलन किए युवकों में एक गंभीर हुआ था

### पीड़ित युवा नेता ने कहा सरकार का रव्वैया उदासीन

अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग फर्जी जाति प्रमाण पत्र मामला संघर्ष समिति के विनय कौशल ने बताया हम अपने हक और अधिकार के लि किसी भी हद तक जा सकते है हम अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं कर सकते इसलिए हम अपनी इज्जत खोकर पूर्ण रूप से निर्वस्त्र होकर सरकार कों नींद से जगाने का काम करेंगे।

# सुप्रीम कोर्ट से ईडी को लगा बड़ा झटका

**» ईडी शराब घोटाले मामले की जांच पर ईडी ने लगाई रोक**




**रायपुर, 18 जुलाई 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले मामले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय की ओर से किए जा रहे जांच पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। दरअसल, ईडी ने प्रदेश में 2 हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाले का दावा किया था। इस मामले में ईडी जांच कर रही थी, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने इस जांच पर रोक लगा दी है।

उल्लेखनीय है कि, प्रवर्तन निदेशालय ने शराब घोटाले पर 4 जुलाई को चार्जशीट पेश किया था। 5 आरोपियों के खिलाफ रायपुर में स्पेशल जज अजय सिंह राजपूत की अदालत में करीब 16 हजार पन्नों का चार्जशीट पेश किया था। इस मामले में ईडी ने अनवर ढेबर, नितेश पुरोहित, पप्पू ढिल्लन, अरविंद सिंह और अरुणपति त्रिपाठी को आरोपी बनाया है।

ईडी की ओर से आरोपियों के खिलाफ विशेष अदालत में 16,000 पन्नों के दस्तावेज पेश किए गए। ईडी का दावा है कि साल 2019 से 2022 के बीच प्रदेश में बड़ा शराब घोटाला हुआ है। इसमें 2 हजार करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग के सबूत मिले हैं। एजेंसी ने बताया कि अनवर ढेबर छत्तीसगढ़ में एक सिंडिकेट चला रहा है, जिसे बड़े नेताओं के साथ-साथ सीनियर अफसरों का भी समर्थन हासिल है। इसमें एक ऐसा नेटवर्क तैयार किया गया है कि छत्तीसगढ़ में बेचे जाने वाली शराब की हर बोतल पर अवैध वसूली की जा रही थी।

## भाजपा के अविश्वास प्रस्ताव पर सीएम का तंज

# पिछले साल भी लाए थे, तब 14 विधायक थे, अब और घट गए हैं

**रायपुर, 18 जुलाई 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान विपक्ष की ओर से अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी पर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि, पिछले साल भी अविश्वास प्रस्ताव लाये थे। यह उनका अधिकार है, लाएं। पहले 14 थे, अब 13 हो गए हैं। हम विपक्ष को जवाब देंगे।इसके साथ ही सीएम बघेल ने एनडीए और यूपीए की बैठक को लेकर कहा कि, मोदी सरकार ने लोकतंत्र को दबाने का काम किया है। यूपीए के बैठक में 26 दल के लोग शामिल हुए हैं। भाजपा इससे घबराई और डरी हुई है, इसीलिए वो भी बैठक कर रहे हैं। छोटे दल साथ आए ये प्रजातंत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह के शेर वाले बयान पर भूपेश बघेल ने कहा कि, रमन सिंह को पता नहीं सबसे ज़्यादा शिकार शेर का हुआ है, इसलिए उनको संरक्षित किया जा रहा है। शेर नहीं कहना चाहिए, दुनिया में उनकी संख्या घट रही हैं। सब इंसान है।



# सुबह-सुबह प्रदेश में पॉवर और लोहा कारोबार से जुड़े उद्योगपतियों के घर आईटी की रेड





**» सत्या पॉवर के संचालक के निवास पर भी आईटी की रेड**

**रायपुर, 18 जुलाई 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से आयकर विभाग की टीम ने दस्तक दी है। आज सुबह से ही प्रदेश के पॉवर और लोहा कारोबार से जुड़े उद्योगपतियों के ठिकानों पर आयकर विभाग की टीम ने दबिश दे दी।

जानकारी के अनुसार इनकम टैक्स की 20 से अधिक टीमें उद्योगपतियों के घर और ऑफिस में कार्रवाई कर रही है। बताया जा रहा है कि आयकर विभाग का यह छापा टैक्स चोरी को लेकर की जा रही है।

बिलासपुर में सत्या पॉवर के यहां ठिकानों पर आयकर विभाग की टीम ने दबिश दी। कंपनी के मालिक रामअवतार अग्रवाल और पवन अग्रवाल के बिलासपुर स्थित घर और आफिस समेत भरारी में प्लांट में आईटी की टीम ने छापा मारा। बता दें कि कारोबारियों का कोयला और स्टील से जुड़ा व्यापार है। इसी के साथ ही बिलासपुर में ही सुशील झाझड़िया रेलवे ठेकेदार के सभी ठिकानों पर भी दबिश दी गई। बता दें कि इधर राजधानी के वंदना ग्रूप के ठिकानों पर भी आईटी रेड की खबर है। सिलतरा स्थित प्लांट समेत सिविल लाइन स्थित घर और एमजी ऑफिस में आईटी की टीम पहुंची है। इसके अलावा ईश्वर टीएमटी उरला के ठिकानों पर भी आज ईडी की रेड पड़ी। आईटी ने यह रेड मनी लॉड्रिंग समेत टैक्स चोरी के मामले में की है। ऐसी जानकारी है कि आईटी की टीम ने सुबह-सुबह सभी के सोकर उठने से पहले ही दबिश दे दी।



## जिला सरगुजा और जिला बेमेतरा के सम्मान में बढ़ावा मिला

# राष्ट्रपति ने भूमि प्रबंधन के लिए बेमेतरा और सरगुजा को किया सम्मानित

**» भूमि अभिलेखों के पूर्ण डिजिटलीकरण के लिए बेमेतरा ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन**

**बेमेतरा, 18 जुलाई 2023 (ए)।**

आज मंगलवार का दिन छत्तीसगढ़ के लिए खास रहा। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के हाथों दो जिला सरगुजा और बेमेतरा को भूमि प्रबंधन और प्रशासन के लिए भूमि सम्मान प्लेटिनम सर्टिफिकेट से सम्मानित किया। सम्मान कार्यक्रम देश की राजधानी नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित किया गया था, साथ ही प्रदेश के दो जिला सरगुजा और बेमेतरा को भी भूमि प्रबंधन और प्रशासन के लिए भूमि सम्मान प्लेटिनम सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया।

जिला बेमेतरा कलेक्टर पदुम सिंह एल्मा ने राष्ट्रपति के हाथों भूमि सम्मान' 2023 ग्रहण किया। उनके साथ उनकी टीम डिप्टी कलेक्टर सुश्री हीरा गवर्ना और सब-रजिस्ट्रार सुश्री वाणी अवस्थी भीउपस्थित थी।



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश को भूमि प्रबंधन के लिए सम्मान मिलना पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है।

उन्होंने प्रदेश के राजस्व विभाग और सरगुजा तथा बेमेतरा जिला प्रशासन को इस उपलब्धि के लिए पुनरू बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल इंडिया लैण्ड रिकॉर्ड मॉर्डनाईजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) अंतर्गत प्रदेश में बेहतर काम हुए है, जिससे आम लोगों को भूमि संबंधी जानकारियां मिलना आसान हुआ है।

प्लेटिनम श्रेणी उन जिलों को दी जाती है, जिन्होंने डीआईएलआरएमपी के संबंधित मुख्य घटकों में सम्पूर्णता, यानी शतप्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया है। देश के 9 राज्य सचिवों और 68 जिला कलेक्टरों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भूमि सम्मान प्रदान किया गया।

छत्तीसगढ़ के दोनों जिलों को डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम (डीआईएलआरएमपी)-शासन के मुख्य घटकों के लिए सम्पूर्णता प्राप्त करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसलिए भूमि सम्मान 2023 प्रदान मिला।

# सोने एवं हीरे के खनिज ब्लॉक आबंटन हेतु खनिज विभाग का ई-टेंडर जारी

**रायपुर, 18 जुलाई 2023 (ए)।** खनिज विभाग द्वारा राज्य में 3 प्रीशियस मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी के माध्यम से आबंटन के लिए ई-टेंडर जारी कर दिया गया है। जीएसआई ( जियोलाजिकल सर्वे आफ इंडिया) द्वारा किये गये प्रारंभिक सर्वे में इन ब्लाक में गोल्ड और डायमंड की संभावना बताई गई है। इसके लिए ई-नीलामी से आबंटन हेतु 6 जुलाई 2023 को एमएसटीसी पोर्टल में एनआईटी जारी किया गया है।



भौमिकी एवं खनिकर्म के संयुक्त संचालक अनुराग दीवान ने बताया कि विश्व में प्रीशियस मिनरल्स की माँग तेजी से बढ़ी है। इस तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए इन खनिजों के विकास के परिप्रेक्ष्य में इसकी आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु विभाग द्वारा प्राथमिकतापूर्ण कार्यवाही की जा रही है।

राज्य द्वारा 3 प्रीशियस मिनरल ब्लॉक्स को नीलामी के माध्यम से आबंटन हेतु रखा है। इनमें जिला महासमुन्द अंतर्गत बसना-2 डायमण्ड ब्लॉक, रकबा 2500 हेक्टेयर, जिला महासमुन्द अंतर्गत चनत-जोगीदादर गोल्ड एंड एसोसियेटेड मिनरल्स ब्लॉक, रकबा 176 हेक्टेयर तथा जिला कांकेर अंतर्गत तुमरीसुर-गरदा 2 गोल्ड ब्लॉक, रकबा 240 हेक्टेयर को आबंटन हेतु रखा गया है। सफल बोलीदार द्वारा क्षेत्र में प्रथमतः विस्तृत पूर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा। इसके उपरांत खनिज भण्डार प्रमाणित होने पर खनिपट्टा प्राप्त किया जाकर खनन संक्रिया प्रारंभ की जावेगी। मिली जानकारी के अनुसार टेण्डर डाक्यूमेंट क्रय किये जाने की अंतिम तिथि शुक्रवार, दिनांक 18 अगस्त 2023 है तथा बिड जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 21 अगस्त 2023, सोमवार दोपहर 3 बजे तक है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स, नमनाकला, संत हरकेवल विद्यापीठ के पास, अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050, मो. 94062-23001, 98265-32611, Email:ghatatighatana11@ gmail.com, Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)